आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 35, अंक 149, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- एक जुलाई से लागू होंगी मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में नई दरें
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी। वर्ष 2019 में मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित श्रेणी में यात्रियों को प्रति किलोमीटर 2 पैसे बढ़ाए गए थे। स्लीपर श्रेणी के किराये में 2 पैसे और प्रथम श्रेणी के किराये में भी 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई। साधारण ट्रेनों के द्वितीय श्रेणी के किराये में प्रति किलोमीटर 01 पैसे और स्लीपर श्रेणी के लिए भी किराये में 01 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि प्रथम श्रेणी के किराये में 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी।

## सीजफायर के बाद भी ईरान-इजराइल ने दागीं मिसाइलें

**ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम**

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 की मौत, 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

### एक नजर

#### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

#### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

## ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने के लिए नियम बनाएं राज्य : शाह

### गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश

- चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों संग राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों समेत 19 मुद्दों पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। उप्र बॉटम अप अप्रोच के साथ आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में अग्रसर है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-7 लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था की जा रही है।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा कि बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीमा सड़क संगठन के माध्यम से अधिक सहयोग का आग्रह किया। राज्य में ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

## भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे पांच लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## घर में महिला का गला कसकर बेड में किया पैक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुनरी से गला कसा, सिर पर भी भारी चीज से वार किया, रावतपुर में वारदात
- छोटे बेटे के संदेह पर बड़ा बेटा हिरासत में, लिव इन में युवक के साथ रहती थी महिला

**अमृत विचार :** रावतपुर में लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की घर में ही निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने महिला का चुनरी से गला कसकर उसे बेड में पैक कर दिया। सिर पर भी भारी वार से चोट के निशान हैं। स्कूल से लौटे छोटे बेटे ने बेड से निकली मां की चुनरी देखी, तब वारदात का पता चला। हत्या का आरोप बड़े बेटे पर है, लेकिन मृतका की बहन ने लिव इन में रह रहे युवक पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बड़े बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



उर्मिला कटियार

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 35 वर्षीय उर्मिला कटियार, पति जगदीश की मौत के बाद 18 सालों से रंजन नामक युवक के साथ लिव इन में रह रही थीं। उर्मिला के दो नाबालिग बेटे हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटा इंटर और 15 वर्षीय छोटा बेटा नौवीं का छात्र है। दोनों अर्मापुर केंद्रीय विद्यालय-टू में पढ़ते हैं। मंगलवार सुबह छोटा बेटा स्कूल गया था जबकि बड़ा बेटा घर पर ही था। रंजन दो तीन दिन से काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। मंगलवार दोपहर छोटे बेटे ने स्कूल से लौटने के बाद घर में मां को न पाकर बड़े भाई से पूछा तो उसने जानकारी न होने की बात कही। इस पर उसने मां को ढूंढना शुरू किया तो बेड से उनकी चुनरी थोड़ी बाहर लटकी दिखी। बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी थीं। इस पर उसने पास में मसवानपुर में रहने वाली मौसी गीता को सूचना दी। मौसी आईं और फिर रावतपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को उर्मिला की सांसें चलती दिखीं तो रीजेंसी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता ने पुलिस को बताया कि रंजन मार्केटिंग का काम करते हैं, इसलिए अक्सर घर से बाहर ही रहते हैं। पुलिस की पूछताछ में छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया, जिस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वहीं गीता के अनुसार उसकी बहन की मौत में पति रंजन का हाथ है। बेटे को मोहरा बनाया जा रहा है।

## निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

## देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16 .3% हिस्सेदारी का अनुमान

**2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी

**अमृत विचार :** यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे राज्य का पूंजीगत व्यय बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### राजस्व में भी यूपी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10 .6% बढ़कर 69 .4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12 .3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6 .6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13 .3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11 .3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5 .9% प्रत्येक) रहेंगे।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का आगमन आज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें बुधवार 25 जून को हादीहाल में होने वाले लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सम्मान समारोह में आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बैठक में कार्यक्रम संयोजक राजेश सिंह, पवन गौतम, राजेश मिश्र, राघवेंद्र शुक्ल, रामजी मिश्र, अलोक सिंह, संतोष सिंह, पंकज सिंह, शुभम सिंह, दीपक श्रीवास्तव, पवन आदि शामिल रहे।

### राजस्व अभिलेखागार प्रभारी पर मनमानी का आरोप, सौंपा मांगपत्र

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राजस्व अभिलेखागार के प्रभारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने मंगलवार को डीएम को मांगपत्र सौंपा। जिसमें आरोप लगाया कि करीब आठ वर्ष से अभिलेखागार में तैनात प्रभारी की मनमानी से अधिवक्ताओं को जमीन के अभिलेख का मुआयना करने, नकल प्रारूप प्राप्त करने के लिए कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ रहा है।अधिवक्ताओं ने डीएम शिवसहाय अवस्थी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि पर्याप्त संख्या में राजस्व अभिलेखागार में कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। मांगपत्र देने के दौरान विवेक त्रिपाठी,धर्मराज सिंह, योगेश कुमार मिश्र,नवीन त्रिपाठी, विनोद कुमार गौतम, अरुण कुमार पांडेय, कृपा शंकर पांडेय, एजाज अहमद, अंकित कुमार दुबे, राहुल सिंह, छोटेलाल पुष्पकर, धर्मराज सिंह, विवेक कुमार चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीएडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। इस योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### बलिदान दिवस के रूप में मनी वीरांगना दुर्गावती की पुण्यतिथि

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** शहर स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना दुर्गावती की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष निसार अहमद ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे भारत की गौरवशाली विरासत की प्रतीक हैं। उनकी जीवनगाथा से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान नगर अध्यक्ष निसार अहमद, लोहिया वाहिनी महासचिव अनाम प्रतापगढ़ी, नगर महासचिव विकास यादव, उपाध्यक्ष लोहिया मानवेंद्र पटेल, प्रदीप यादव, शिव वर्मा, जावेद अकबर, राजीव विश्वकर्मा, मोहन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

# राजा रघुवंशी बनने से बच गए प्रयागराज के कप्तान निषाद

## पति को हनीमून पर केदारनाथ लें जाना चाहती थी पत्नी

- पत्नी शादी के बाद प्रेमी भतीजे के साथ ससुराल से भाग चुकी
- ससुराल के लोग परेशान, प्रेमी के साथ रहने पर अड़ी नवविवाहिता

**प्रयागराज, अमृत विचार।** मध्य प्रदेश के इंदौर की सोनम और राजा रघुवंशी की कहानी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है। ऐसा ही एक मामला संगम नगरी प्रयागराज में भी सामने आया है। हालांकि प्रयागराज के कप्तान निषाद ने पत्नी सितारा देवी के साथ हनीमून पर केदारनाथ जाने से साफ इंकार कर दिया। जिससे उसकी जान बच गई।

यमुनानगर जोन के नैनी के एडीए कॉलोनी के रहने वाले कप्तान निषाद की शादी करछना के सितारा देवी के साथ 29 अप्रैल को बड़े धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद 2 मई को रिसेप्शन भी हुआ। दोनों परिवारों की रजामंदी से अरेंज मैरिज हुई थी। शादी के बाद 30 अप्रैल को कप्तान सितारा देवी को विदा कराकर अपने घर लाया। पीड़ित पति कप्तान ने बताया कि शादी के तीसरे दिन जब पति कप्तान निषाद अपनी पत्नी सितारा देवी के नजदीक जाने की कोशिश की तो सितारा ने चाकू निकाल लिया। उसने कहा कि अगर वह उसके करीब आएगा तो उसे मार देगी या खुद आत्महत्या कर लेगी। पति ने जब पत्नी से पूरे मामले में पूछा तो सितारा ने यह बताया कि उसका अफेयर उसके भतीजे अमन निषाद से चल रहा है। लड़की मायके चली गई। समझौते के बाद दोबारा फिर से लड़की ससुराल आई लेकिन एक-दो दिन के बाद ही लड़की घर से भाग गई। लड़की के घर से भागने की घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सितारा देवी भागने के बाद अपने प्रेमी रिश्ते के भतीजे अमन निषाद के साथ कहीं चली गई थी। वह अपने प्रेमी भटौती गांव के अमन निषाद के साथ रहना चाहती है।

> नैनी थाने में पारिवारिक विवाद को लेकर शिकायत आई है। इस मामले में पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –अरुण कुमार त्रिपाठी, एसीपी करछना

### चोरी के ब्रेक ड्रम के साथ तीन गिरफ्तार

**रानीगंज, प्रतापगढ़ :** रविवार रात रानीगंज थाना क्षेत्र के खमपुर दुबे पट्टी गांव में स्थित एक भट्ठे की समीप एक ट्रक खड़ा था। रविवार रात चोर ट्रक के ब्रेक ड्रम खोलकर उठा ले गए थे। मंगलवार को थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने पुलिस बल के साथ छापामारी कर आरोपी महेश गौतम और सुरेश गौतम निवासी खमपुर दुबे पट्टी, वही नजियापुर के दीपक गौतम को ब्रेक ड्रम के साथ गिरफ्तार कर लिया।

Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# मोदी व योगी युग में स्वावलंबी बनीं महिलाएं : डॉ. बबिता

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** महिलाओं का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को भारत की सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत ठिकाने लगा दिया। यह मोदी व योगी युग का भारत है, जिसने महिलाओं को स्वावलंबी बनाया है। आज महिलाएं फाइटर प्लेन उडा रही हैं।

उक्त बातें शिवगढ़ ब्लाक के जरियारी गांव में आयोजित जनसुनवाई,संवाद एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कही। कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए हर कदम उठा रही है। राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाएं परचम लहरा रही हैं। पूर्व विधायक अभय कुमार धीरज ओझा,नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता,बीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अशोक मिश्र, अनूप सिंह राम जी मिश्र ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व प्रीती सिंह, राधा पांडेय, साधना,सुनीता मिश्रा नजराना बेगम, वंदना त्रिपाठी, अंजू नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता,ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान नीरज ओझा,बद्री प्रसाद गुप्ता, विपिन मिश्रा,सोनू पांडेय, अमरावती देवी आदि रहे।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष व सदस्य का स्वागत करतीं रानीगंज नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता।

### कश्मीर से धारा- 370 खत्म करना डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि

**कोरांव, प्रयागराज।** भाजपा बड़ोखर मंडल की संगठनात्मक बैठक आज हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिला मंत्री भाजपा अनिल मिश्रा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो जनसंघ के संस्थापक थे, उनका बलिदान 23 जून को हुआ था, उसके उपलक्ष में 23 जून से 29 जून तक सप्ताह बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ मुखर्जी के जीवन वृत पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 27 जून को सभी शक्ति केंद्र पर बैठक रखकर 29 जून के लिए मन की बात सभी बूथों पर करने की योजना बनाना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान को गति देते हुए सभी बूथों पर 10 पेड़ 29 जून को लगाने की योजना बनाई गई।। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बड़ोखर राम राज पटेल एडवोकेट ने संचालन मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद मिश्र ने किया।

### हाईस्कूल, इंटर की मान्यता के लिए 30 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज, अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) प्रयागराज से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मान्यता के लिए आनलाइन आवेदन 30 जून तक किया जा सकता है। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मान्यता के लिए नये मानकों से आवेदन करना होगा जिसमें स्कूल के जमीन और विद्यालय के नाम जमा होने वाली राशि बढ़ा दी गई है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की नवीन मान्यता के लिए नये मानकों से आनलाइन आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मान्यता के लिए अभी तक 200 से ज्यादा आनलाइन आवेदन आये हुए हैं। यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की मान्यता के लिए वर्ष –2024 में 140 विद्यालयों ने आवेदन किया था। एक वर्ष बाद शासन से विद्यालयों को मान्यता नहीं मिली है।

# डीएलएड : 2.35 लाख सीटों पर प्रवेश की अनुमति को भेजा प्रस्ताव

- वर्ष 2025 - 26 सत्र में ऑनलाइन आवेदन जुलाई के अंतिम हफ्ते से लेने की तैयारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, एलनगंज, प्रयागराज ने डीएलएड 2025 - 26 में आनलाइन आवेदन जुलाई के अंतिम हफ्ते से लेने के लिए आज शासन को प्रस्ताव भेजा है। शासन से अनुमति मिलते ही डीएलएड 2025 - 26 मे प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन लिया जाना शुरू हो जाएगा। जुलाई - अगस्त में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन लिया जाएगा और अगस्त - सितंबर में काउंसलिंग करके प्रवेश के बाद से कक्षाएं शुरू हो जाएगी, इससे डीएलएड 2025-26 का सत्र भी नहीं पिछड़ेगा।

प्रदेश में डीएलएड की कुल 2.35 लाख सीट है। प्रदेश के सभी 67 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में कुल 10,600 डीएलएड सीट जबकि शेष 2,24,400 सीट निजी क्षेत्र के 3200 डीएलएड कालेजों में है। डीएलएड का प्रशिक्षण दो वर्ष अर्थात छह - छह माह के चार सेमेस्टर में पूरा होता है। एक - एक सेमेस्टर में आठ - आठ प्रश्नपत्र की परीक्षाएं होती है।

सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि डीएलएड की काउंसलिंग, प्रवेश और शिक्षण कार्य शुरू करने का प्रस्ताव तैयार करके आज शासन को मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। शासन से मंजूरी मिलते ही आनलाइन आवेदन डीएलएड के लिए जुलाई के अंतिम हफ्ते से लिया जाएगा, अगस्त में काउंसलिंग के बाद प्रवेश और शिक्षण शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सितंबर से प्रदेश के सभी डायट और डीएलएड कालेजों में शिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा। इससे डीएलएड का सत्र भी नहीं पिछड़ेगा।

नीलामी सूचना

कार्यालय उपनिदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ मण्डल लखनऊ (19 बी विधान सभा मार्ग, शीला काम्प्लेक्स, लखनऊ) को आवंटित शासकीय वाहन संख्या–यू0पी–32 बी0जी0–6806 मॉडल टाटा सूमो गोल्ड (निर्माण वर्ष 2015) जो वर्तमान में आर0के0 मोटर्स कल्यानपुर रिंग रोड निकट जगरानी हॉस्पिटल में खड़ी है, की नीलामी दिनांक 28 जून, 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे होनी प्रस्तावित है। वाहन का न्यूनतम मूल्य रू0 2,40,000/–है यह नीलामी शासनादेश संख्या–1288(।।)/30–4–2022–24के0एम0/76 दिनांक 11 जून, 2002 के अनुसार अधिकतम मूल्य पर की जाएगी। शासनादेश कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

जो व्यक्ति/फर्म अधिकतम बोली लगाने/नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों, वे तद्दिनांक नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व अपरान्ह 12 बजे तक रू0 5000/– नगद धनराशि अथवा विभाग के पक्ष में अर्नेस्ट मनी रू0 5000/– का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करेंगे। वाहन की भौतिक स्थिति तथा बाजार मूल्य से कम मूल्य प्राप्त होने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, वाहन नीलामी समिति में निहित है। इस संबंध में कोई वाद/विवाद मान्य न होगा।

विनोद कुमार मिश्र,
अध्यक्ष
(वाहन नीलामी समिति)

UP – 235237 दिनांक: 23/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती
Provincial Division, P.W.D., Shrawasti

पुलिस लाइन, भिनगा–श्रावस्ती–271831
Police Line, Bhinga-Shrawasti
Phone No. 05250-222961
E-Mail: pdpwdswt2012@gmail.com

पत्रांक : 1 8 9 4/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक : 18–06–2025

ई–निविदा सूचना

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पैच मरम्मत के अन्तर्गत कार्य | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0–730 के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.90 | 2.09 | 945.00 | 09 माह |
| 2 | श्रावस्ती | विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत एन0एच0–730 के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 21.30 | 2.13 | 945.00 | 09 माह |
| 3 | श्रावस्ती | विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.34 | 1.93 | 945.00 | 09 माह |
| 4 | श्रावस्ती | विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत एनएसएलएच मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.97 | 2.10 | 945.00 | 09 माह |
| 5 | श्रावस्ती | विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा श्रावस्ती के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 29.43 | 2.94 | 945.00 | 09 माह |
| 6 | श्रावस्ती | विकास खण्ड जमुनहा में विधान सभा भिनगा के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.20 | 1.92 | 945.00 | 09 माह |
| 7 | श्रावस्ती | विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 20.00 | 2.00 | 945.00 | 09 माह |
| 8 | श्रावस्ती | विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत बी0बी0एस0सी0 मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.50 | 1.95 | 945.00 | 09 माह |
| 9 | श्रावस्ती | विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा–सिरसिया–चौधरीडीह–गुलरिहा मार्ग के बायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 19.00 | 1.90 | 945.00 | 09 माह |
| 10 | श्रावस्ती | विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत भिनगा–सिरसिया–चौधरीडीह–गुलरिहा मार्ग के दायें स्थित ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 945.00 | 09 माह |
| 11 | श्रावस्ती | विधानसभा श्रावस्ती के अन्तर्गत एस0एच0/एम0डी0आर0/ओ0डी0आर0 मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 37.70 | 3.77 | 945.00 | 09 माह |
| 12 | श्रावस्ती | विधानसभा भिनगा के अन्तर्गत एस0एच0/एम0डी0आर0/ओ0डी0आर0 मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 34.00 | 3.40 | 945.00 | 09 माह |

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 26–06–2025 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाइन दिनांक 26–06–2025 से 10–07–2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 10–07–2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 10–07–2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176(सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
श्रावस्ती

UP – 235217 दिनांक: 23/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)




# खेत में लगे पोल में उतरे करंट ने ली किसान की जान

## खेत में धान की बेरन लगाने गया था, बिजली विभाग की लापरवाही पर परिजनों का फूटा गुस्सा

**संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी**



जयप्रकाश फाइल फोटो।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ी। खेत में लगे खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। परिजन किसान को सीएचसी लेकर गए पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। आक्रोशित परिजनों ने शव के अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन माने।

घटना मीरपुर मजरे गाजीपुर में मंगलवार को हुई। जयप्रकाश (45) सुबह खेत में धान की बेरन लगाने गया था। वह खेत में लगे बिजली के खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद करवाई गई। परिजन जयप्रकाश को सीएचसी मथुरानगर ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम गृह में मौजूद परिजनों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि परिवार को 50 लाख मुआवजा दिया जाए और किसी सदस्य को रोजगार दिया जाए, वरना शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इस बारे में विद्युत वितरण खंड रामसनेहीघाट के अधिशाषी अभियंता से संपर्क का प्रयास किया गया पर उनका जवाब नहीं मिला। वहीं उपखंड अधिकारी विद्युत सर्वेश कुमार ने बताया कि उन्हे घटना की जानकारी नहीं है। कोतवाल अंकित त्रिपाठी का कहना है कि परिजनों को समझा-बुझा दिया गया है। स्थिति सामान्य है।

### खेत में दवा छिड़क रहे किसान की संदिग्ध हालात में मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेत में दवा का छिड़काव कर रहे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना लोनीकटरा के ग्राम मंगलपुर निवासी ननकऊ उर्फ कुतुबु मंगलवार को गांव के ही गया सिंह के खेत में सुबह दवा का छिड़काव करने गया था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। समय से इलाज न मिलने पर ननकऊ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे धीरेन्द्र वर्मा ने ग्रामवासियों की सहायता से उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे डाक्टरों ने मृत बताया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने की विवेचनाओं की समीक्षा

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को सदर सर्किल के समस्त थानों के विवेचकों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान समीक्षा करते हुए एसपी ने निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा थाना सफदरगंज में सदर सर्किल के समस्त थानों सफदरगंज, सतरिख व जैदपुर के विवेचकों की अर्दली रूम कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई। वहीं विवेचनाओं के गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देश दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव, अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाढ़ से बचाव की तैयारियों को परखने को मॉकड्रिल कल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाढ़ की तैयारी को परखने के लिए 26 जून को हेतमापुर में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पर्यवेक्षण में होने वाली इस मॉकड्रिल में कई विभागों की टीमें शामिल होंगी। रामनगर के एसडीएम विवेकशील ने बताया कि बाढ़ से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### गिले-शिकवे भूल साथ रहने को राजी हुआ जोड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, परिवार परामर्श केन्द्र की ओर से काउंसिलिंग कर एक दम्पति के मध्य सुलह समझौता कराया गया। वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण के क्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी उपनिरीक्षक साधना सिंह द्वारा पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद सम्बन्धी एक प्रार्थना पत्र में सुलह समझौता कराया गया।

### पुलिस ने दबोचे तीन वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस टीम ने बीएनएस से सम्बन्धित रामसजीवन पुत्र गजराज, लवकुश पुत्र रामसजीवन निवासी गलुहा मजरे मोहनपुर थाना देवा को रणढुआ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग हुए 2 बांस के डण्डे बरामद किए। थाना कुर्सी पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त बदलू पुत्र रामनरेश निवासी बाबूपुर मजरे दरावां थाना कुर्सी को अनवारी अण्डरपास किसान पथ से गिरफ्तार किया।

# दोस्त के भतीजे का अश्लील वीडियो बना किया वायरल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का एक और मामला सामने आया है। एक युवक ने दोस्त के नाबालिग भतीजे का अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला तरिख थाना क्षेत्र का है। पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम मुख्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार साइबर टिपलाइन में चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की सूचना दी गई। जांच में सामने आया कि यह अश्लील वीडियो अनस के स्नैपचैट अकाउंट से भेजा गया था, जो एक मोबाइल नंबर से जुड़ा है। इस नंबर का संबंध मोहम्मद अनस निवासी मौथरी तहसील नवाबगंज थाना सतरिख से जुड़ा मिला। जांच अधिकारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय व तकनीकी सहायक पंकज सिंह यादव की जांच में आरोपी अनस ने स्वीकार किया कि उसने वीडियो खुद रिकॉर्ड किया और अपने मित्रों को स्नैपचैट के माध्यम से भेजा था। अनस ने अपने लखनऊ निवासी दोस्त के भतीजे का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किया था। साइबर क्राइम निरीक्षक की ओर से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# 11 में से 6 बच्चे प्रमाण पत्र के लिए चयनित

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग बच्चों के चिह्नांकन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मनोचिकित्सक डॉ. विनोद ने शिविर में आए दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया।

दिव्यांग विभाग के वरिष्ठ सहायक सियाराम ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 11 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। इनमें से 6 लोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन पंजीकृत किया गया है। अगला शिविर सिद्धौर ब्लॉक परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बीडीओ प्रियंका सिंह, ॠषि पाल सिंह और पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर व दुकान से लाखों के जेवर, मोबाइल चोरी

**संवाददाता, दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर व मोबाइल की दुकान पर धावा बोला। चोर लाखों के जेवर, नकदी व पांच पुराने मोबाइल उड़ा ले गए।

पहली घटना ग्राम बिगहिया मजरे लालपुर गुमान की है। तिलका देवी पत्नी विनोद कुमार के अनुसार बीती 20 जून की रात घर में घुसे चोर बक्से में रखे आभूषण व नकदी समेट ले गए। चोरी गए सामान में तीन तल्ला की सोने की झुमकी, सोने की दो मालाएं, चांदी की एक जोड़ी पायजेब, दो जोड़ी हल्की पायल, चांदी की पांच अंगूठियां, सेटदार बिछिया, एक सोने और 400 रुपये नकद शामिल हैं।

सुबह जब तिलका देवी जगीं तो घर का सामान बिखरा हुआ पाया और बक्से से जेवरात गायब थे। दूसरी घटना मोहल्ला अजीमनगर की है, जहां सकील अहमद पुत्र हसीब अहमद की मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से चोरी हुई। 20 जून की रात चोरों ने दुकान में घुसकर रिपेयरिंग के लिए रखे गए कुल 5 पुराने मोबाइल चुरा लिए। पुलिस ने घटनाओं की तहरीर दर्ज कर ली है।

# नशे में धुत युवक ने मां-बहन को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में एक शराबी युवक ने अपनी ही मां और बहन के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नालापार दक्षिणी 5 मस्तान रोड की रहने वाली सुशीला पत्नी सुरेशचन्द्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र बृजेश कुमार अत्यधिक शराब पीने का आदी है। वह अक्सर मां और बहन के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करता है। बीती 23 जून को शाम करीब 4 बजे बृजेश नशे की हालत में घर पहुंचा और आते ही मां व बहन को गालियां देते हुए लात-घूंसे से मारने लगा। इस दौरान उसने अपनी मां के पेट पर जोरदार लात मारी, जिससे उन्हें गंभीर दर्द होने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 3800 मी. ड्रेजिंग से दोनों किनारे सुरक्षित

**संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**



सरयू नदी में चल रहा ड्रेजिंग का कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरयू नदी की तलहटी में बसे गांवों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सिंचाई यांत्रिक खंड ने शासन के निर्देश पर नदी में ड्रेजिंग कार्य पूरा कर लिया है। इस कार्य से नदी के दोनों किनारे सुरक्षित हो गए हैं। विभाग ने करीब 3 माह में 3 हजार मीटर लंबा और 100 मीटर चौड़ा टनल बनाया है। साथ ही करीब 3800 मीटर ड्रेजिंग की गई है। इससे नदी की धारा अब बीच से होकर गुजरती है। पानी का दबाव कम होने से कटान का खतरा भी घट गया है।

सरयू नदी में हर साल आने वाली बाढ़ से तलहटी के दर्जनों गांवों के सैकड़ों परिवार प्रभावित होते थे। सनावा गांव के पूर्व प्रधान सुधीर सिंह ने बताया कि समाजसेवी व नेता स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह के प्रयासों से शासन ने इस कार्य की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया हमारा गांव हर साल बाढ़ की चपेट में रहता है किन्तु अब इस कार्य के हो जाने से कटान का खतरा कम हो गया है। सरयू नदी के दाहिने तट पर स्थित सिरौली गूंग और आसपास के गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए बाएं तट पर चैनल बनाया गया है। सिंचाई यांत्रिक खंड के सहायक अभियंता सर्वेश पटेल ने बताया कि कार्य पूर्ण हो चुका है। नए चैनल में नदी की धारा तीव्र होने से दाहिने तट पर पानी का दबाव काफी कम हो गया है।

# कैंसररोगी ने फांसी लगाकर दी जान

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कैंसर से जूझ रहे अधेड़ ने मौत को गले लगा लिया। मंगलवार सुबह उसका शव पेड़ से बने फंदे से लटकता मिला। ग्राम बिछलखा निवासी 40 वर्षीय श्रीकेशन पुत्र झगरु का शव मंगलवार सुबह करीब आठ बजे गांव के बाहर लगे पेड़ में फंदे पर लटकता मिला। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक श्रीकेशन कैंसर से ग्रस्त था। उसकी बीमारी से परिजन भी काफी परेशान चल रहे थे। अवसाद के चलते उसने पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस का कहना है कि बीमारी से परेशान होकर अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दे दी।

# 58 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** वृक्षारोपण महाअभियान 2025 की तैयारियों को लेकर जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन और प्रभागीय वनाधिकारी आकाश बधावन समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनपद में 58,06,660 पौधों का वृक्षारोपण लक्ष्य रखा गया है।

जिले में मियावाकी तकनीक से वृक्षारोपण किया जाएगा। इस तकनीक में कम क्षेत्रफल में अधिक घनत्व के साथ बहुस्तरीय पौधारोपण होता है। इससे कम समय में टिकाऊ और जैवविविधता से भरपूर जंगल तैयार किया जा सकता है। डीएफओ आकाश बधावन ने बताया कि इस विधि से तैयार वन कार्बन अवशोषण, तापमान नियंत्रण और मिट्टी संरक्षण में प्रभावी होते हैं। जनपद में विशिष्ट वन भी विकसित किया जाएगा। इसमें धार्मिक, सांस्कृतिक, औषधीय और आर्थिक महत्व की स्थानीय प्रजातियां शामिल होंगी।

### कार्य में देरी करने वाली एजेंसियों को नोटिस का निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अमित कुमार और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को कार्य पूर्ण होने की लिखित सूचना देने के निर्देश दिए। आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के धीमे निस्तारण पर उन्होंने नाराजगी जताई। कई निर्माण एजेंसियों की धीमी प्रगति पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने देरी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। पानी की टंकियों के निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब जलापूर्ति की स्थिति पर चिंता जताते हुए डीएम ने इसे सुधारने की रणनीति बनाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरों में नल कनेक्शन, पाइपलाइन, वितरण प्रणाली और टंकी निर्माण के सभी कार्य समयबद्ध और मानक के अनुरूप पूरे किए जाएं।

# सीतापुर में मिले तीनों बच्चे परिजनों के सुपुर्द

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुम तीन बच्चों को पुलिस ने 24 घंटे में खोज कर परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया। तीनों बच्चे सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र से बरामद हुए हैं। मोहम्मदपुर खाला थाना के पतौंजा के राम हर्ष वर्मा का 8 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार और नेमकुमार कनौजिया का 10 वर्षीय पुत्र जिया व पांच वर्षीय अमन जामुन तोड़ने की बात बोलकर 21 जून को बेहड़ा बाजार की ओर गए थे। पता न चलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच सीतापुर में तुतुहीपुर चौराहे के पास इन तीनों के देखे जाने की जानकारी मिली। सोमवार को देर शाम तीनों बच्चों को पुलिस ने रामपुर मथुरा कस्बे से बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# दुकानदारों के नाम-पते के साथ लगेंगी दुकानें

**महादेवा सावन मेला**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** श्री लोधेश्वर धाम महादेवा में लगने वाले श्रावण मास मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सीडीओ, एडीएम और एसडीएम रामनगर सहित जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

मेला 11 जुलाई से शुरू होगा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि मेले में लगने वाली सभी दुकानों पर दुकानदार का नाम, पता, पहचान पत्र और रेट बोर्ड अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। जिलाधिकारी ने बैरिकेडिंग में सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। बैरिकेडिंग की बल्लियों के बीच लोहे की मजबूत जाली लगाई जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग स्थल पर बैरिकेडिंग और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। मेले की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। बोहनिया और अभरन तालाब के आसपास प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।

**निर्देश** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में समय सीमा में खराब ट्रांसफार्मर बदलने को कहा

# उपभोक्ताओं को मिले निर्बाध बिजली आपूर्ति : डीएम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**




कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ता समस्याओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति बेहद जरूरी है। उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले इसके लिए फॉल्ट होने पर अभियंता तुरंत समस्या का समाधान करें। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

डीएम ने रामनगर क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। आपदा की स्थिति में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाने को कहा गया। डीएम ने आरडीएसएस योजना के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने ऊर्जा प्राप्ति, बिलिंग कार्य और लाइन हानि की जानकारी ली। उन्होंने क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मरों की स्थिति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने खराब ट्रांसफॉर्मर समय पर बदलने को कहा। जिलाधिकारी ने नई बिजली लाइनें बिछाने के काम में तेजी लाने और मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अन्ना सुदन, अधीक्षण अभियंता विद्युत राजबाला और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सिंचाई व्यवस्था में न हो लापरवाही, नहरें रहें चालू

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार के लिए बैठक की। उन्होंने विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा की, जो पिछले माह 'ए ग्रेड' से नीचे थीं। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी योजना पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने नियोजन विभाग को नगर निकायों और अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी योजना प्रदेश सरकार की पहल है, जो हर परिवार को विशिष्ट पहचान देती है। यह आईडी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहायक होगी। उन्होंने धान की रोपाई को देखते हुए सिंचाई विभाग को विशेष निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नहरों की सिल्ट सफाई मानकों के अनुसार समय से पूरी की जाए। नहरों में पानी टेल तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पंचायती राज, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन और शिक्षा विभाग के कार्यों की भी समीक्षा हुई।

# रिमोट सेन्सिंग कार्यशाला आज

**बाराबंकी: अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे से कार्यशाला आयोजित होगी। यह कार्यशाला रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स पर केंद्रित होगी। इसमें रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेंटर के वैज्ञानिक विशेष रूप से भाग लेंगे। वैज्ञानिक जनपद स्तर पर तैयार किए गए डिजिटल डेटाबेस पर प्रस्तुतीकरण देंगे। कार्यशाला में रिमोट सेन्सिंग और जीआईएस तकनीक के उपयोग से तैयार किए गए डेटाबेस को विस्तार से समझाया जाएगा। यह कार्यशाला जनपद के अधिकारियों को नई तकनीकों से अवगत कराने में मददगार साबित होगी।

## सार-संक्षेप

### पुरानी पेंशन बहाली को संगठनों की एकता जरूरी



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला शाखा ने गन्ना दफ्तर परिसर, कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आयोजित इस धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह बिसेन ने की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल कुमार सिंह ने कर्मचारियों की एकजुटता पर जोर दिया। विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मो. मुस्तफा खान ने संख्या बल की महत्ता बताई। माध्यमिक शिक्षक संघ के संरक्षक सुरेश चंद्र बैसवार ने दोहरी पेंशन व्यवस्था को अस्वीकार्य बताया। वनरक्षक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अवनीश द्विवेदी ने सम्मानजनक मानदेय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रांतीय मंत्री अजय सिंह वर्मा व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नन्हे सिंह ने सभी संगठनों को एकजुट होने का आह्वान किया। धरने में 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाई गई। नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार ने मांग पत्र प्राप्त किया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### छात्र अपने कॅरियर पर रखें फोकस, नशे से रहें दूर



कार्यक्रम में शपथ लेते अधिकारी व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज लक्षबर बजहा में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएम शशांक त्रिपाठी के आदेश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. नीलम सिंह ने छात्रों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। नारकोटिक्स सेल प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि बाराबंकी पहले 13 जिलों में नशे के कारोबार में अग्रणी था। लेकिन अब समाज कल्याण विभाग और पुलिस की कार्रवाई से 2024 में नशा उन्मूलन में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। रिदम फाउंडेशन के प्रबंधक अश्विनी रंजन ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने छात्रों को बुरी संगत से दूर रहने की सलाह दी। छात्राओं ने नशा जागरूकता पर प्रेरक गीत प्रस्तुत किए। शंकर जादूगर ने जादू शो के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन, विभागाध्यक्ष और प्रवक्ताओं सहित लगभग 300 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### महिला शिक्षक संघ ने नवागत बीईओ का किया स्वागत



बीईओ का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नवनियुक्त खंड शिक्षाधिकारी धर्मेंद्र का प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने स्वागत किया। हैदरगढ़ इकाई की ब्लॉक अध्यक्ष प्रियंका सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में रीता राना, मंजू रावत, बाला जायसवाल, प्रतिभा सिंह, प्रियंका यादव, रूबी वर्मा, विनीता विश्वकर्मा, अंशु उपाध्याय, भावना मिश्रा और निरुपमा मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहीं। इस अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी धर्मेंद्र ने ब्लॉक के शैक्षिक स्तर को उन्नत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। शिक्षिकाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि नए खंड शिक्षाधिकारी के नेतृत्व में ब्लॉक में शिक्षा का समग्र विकास होगा। उन्होंने इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर डिप्टी सीएम करेंगे प्रेसवार्ता



**बाराबंकी, अमृत विचार :** देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल (काला दिवस) की 50वीं वर्षगांठ पर आज उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पत्रकारों से संवाद करेंगे। यह प्रेस वार्ता शाम 4:15 बजे मेयो इंस्टीट्यूट, सफेदाबाद में आयोजित होगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री सुरेश राही, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता के बाद डिप्टी सीएम मेयो इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित संगोष्ठी को भी संबोधित करेंगे।

### खाद की पर्याप्त उपलब्धता, नियंत्रण को बनीं निगरानी टीमें

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि खरीफ फसलों की बुवाई और रोपाई के लिए सभी जरूरी उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। विक्रेताओं को रेट और स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। उर्वरक की बिक्री पीओएस मशीन से निर्धारित मूल्य पर ही होगी। डीएओ ने बताया कि जिंक, सल्फर जैसे उत्पादों की टैगिंग पर रोक है। विक्रेताओं को बिक्री और स्टॉक रजिस्टर अपडेट रखना होगा। डीएम के आदेश पर उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में निगरानी टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें तहसील स्तर पर जांच करेंगी। किसान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कंट्रोल रूम नंबर 9116295764 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अनियमितता पर विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जून माह के लक्ष्य से कहीं अधिक उर्वरक मौजूद हैं। यूरिया का कुल वार्षिक लक्ष्य 1,09,473 मीट्रिक टन है। जून तक 28,717 मीट्रिक टन का लक्ष्य था, लेकिन 70,408 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। डीएपी का वार्षिक लक्ष्य 22,069 मीट्रिक टन और जून का लक्ष्य 8,142 मीट्रिक टन था। इसकी उपलब्धता 14,847 मीट्रिक टन है। एनपीके का कुल लक्ष्य 28,740 मीट्रिक टन और जून का लक्ष्य 2,820 मीट्रिक टन था। इसकी उपलब्धता 18,825 मीट्रिक टन है। एमओपी का वार्षिक लक्ष्य 3,920 मीट्रिक टन और जून का लक्ष्य 1,030 मीट्रिक टन था। इसकी उपलब्धता 5,887 मीट्रिक टन है। अब तक यूरिया 26,317 मीट्रिक टन, डीएपी 5,441 मीट्रिक टन, एनपीके 4,906 मीट्रिक टन और एमओपी 926 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। स्टॉक में यूरिया 44,091 मीट्रिक टन, डीएपी 9,406 मीट्रिक टन, एनपीके 13,920 मीट्रिक टन और एमओपी 4,961 मीट्रिक टन शेष है।

### सड़क पर गिरा चाइनीज मांझा हटाया, टला हादसा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में एक बड़ा हादसा पुलिस की मुस्तैदी से टल गया। कोतवाली नगर क्षेत्र में हाईवे पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने मेन रोड पर चाइनीज मांझा अचानक सड़क पर गिर गया। अत्यधिक व्यस्त इस मार्ग से गुजर रहे पुलिसकर्मियों ने तत्काल मांझा वहां से हटा दिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। चौकी सिविल लाइंस में तैनात सिपाही सौरभ कुमार और अनवर वीआईपी ड्यूटी कर लौट रहे थे, तभी उन्होंने सड़क पर पड़ा चाइनीज मांझा देखा। दोनों सिपाहियों ने बिना समय गंवाए तुरंत अपना वाहन रोका और सावधानीपूर्वक मांझे को सड़क से हटाया। इस दौरान उन्हें हल्की खरोंचें भी आईं। दोनों ने मांझे को एक पेड़ की डाल में सुरक्षित तरीके से बांध दिया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ और तत्परता से कई लोगों की जान बची। बताते चलें कि चाइनीज मांझे पर पहले से ही प्रतिबंध है। बावजूद इसके यह मांझा खुलेआम बाजार में बिक रहा है जो न केवल इंसानों, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी घातक है। शहरवासी भी चाइनीज मांझे की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग करते आ रहे हैं।

# ब्लैक स्पॉट बंद कर हटाए जाएं अतिक्रमण: डीएम

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षात्मक उपाय और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने और ब्लैक स्पॉट को बंद करने का निर्देश देते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट को बंद करने के निर्देश दिये, डीएम ने कहा कि राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण को भी सड़क किनारे से हटाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि देखा जाए तो पिछले कुछ समय में सड़क हादसों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उसे तत्काल बंद किया जाए। विशेषकर, हाईवे किनारे फैले अतिक्रमण को हटाया जाना आवश्यक है। अक्सर हादसों का कारण यही बनते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि हटाए गए स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण न हो।

गौरतलब है कि अमृत विचार ने जनपद में बढ़ते हादसों को लेकर जनहित मुद्दे से जुड़ी खबरों का प्रकाशन किया था, जिसका संज्ञान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लिया है। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

असर

**नियमों की अनदेखी करने वालों पर की जाए कार्रवाई :** डीएम ने कहा कि चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, स्पीड कंट्रोल उपाय और आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र किए जाएं। यातायात नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

**बहराइच मार्ग पर हो सड़क की मरम्मत :** सीतापुर-बहराइच मार्ग पर लेन मार्किंग का कार्य एवं रामकोट (सीतापुर-मिश्रिख मार्ग) पर सड़क मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। यातायात में बाधक विद्युत पोलों को कार्ययोजना के अनुसार स्थानांतरित कराया जाए। सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित पोर्टल पर समय से फीड की जाए, ताकि शीघ्र चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## सार-संक्षेप

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा


श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष व अन्य लोग।

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शहर के मंडल-1 शक्ति केंद्र तामसेनगंज के बूथ संख्या 243 पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। सभा में नि. जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रेरणा है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक विधान, एक प्रधान के सिद्धांत को साकार करने के लिए प्राणों का बलिदान दिया। कार्यक्रम में महेश वर्मा, अभिषेक मिश्रा, राजेन्द्र यादव, सुधीर सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फुटबॉल संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**सीतापुर, अमृत विचार।** फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला फुटबॉल संघ सीतापुर की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। नई टीम में राज शर्मा को अध्यक्ष, अनुराग गुप्ता को सचिव और राजीव अवस्थी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी की घोषणा एनुअल जनरल मीटिंग में की गई। पूर्व सचिव साबित अली और कोषाध्यक्ष बब्बू को भावभीनी विदाई दी गई। बैठक में जिले में फुटबॉल को जन-जन तक पहुँचाने और युवा खिलाड़ियों को मंच देने की रणनीति बनाई गई। वरिष्ठ खिलाड़ी हरदेव सिंह ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। सभा में प्रमोद दीक्षित, अंकुर सिंह, मुकेश पाल, ओम, कमलेश समेत कई खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### किसानों को मुफ्त वितरित किये जा रहे ज्वार-बाजरा के बीज

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्यवर्धक अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय बीज भंडार रामपुर मथुरा में किसानों को ज्वार, बाजरा, तिल, रागी व मेडुवा के बीज नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार को 13 किसानों को बीज किट वितरित की गई है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि पोषक अनाजों की खेती अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाएं।

### कला-संस्कृति को सीमाओ में कैद नहीं किया जा सकता



कार्यक्रम में सम्मानित अनवर बिसवानी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** स्वतंत्रता सेनानी हसरत मोहानी एवं सूर्यकांत निराला को समर्पित दो दिनी अंतरराष्ट्रीय भारत नेपाल साहित्य उत्सव रूबरु फाउंडेशन लखनऊ द्वारा हिंदी संस्थान हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी शामिल हुए। रूबरू फाउंडेशन के अध्यक्ष इरशाद राही ने कहा कि कला, साहित्य और संगीत को सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। भारत और नेपाल के साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। अनवर बिसवानी, मिस्टर अमेठी और जुबेर वारिस को साहित्य श्री सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। अनवर विसवानी को सम्मानित करने पर कमलेश मेहरोत्रा, चेयरमैन नगर पालिका परिषद हाजी जावेद अहमद, एडवोकेट जेडआर रहमानी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष रियाज अहमद, मोहम्मद हसीन अंसारी, मोहम्मद असद सिद्दीकी, रामचन्द्र वर्मा, दिनेश पटेल आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# जन औषधि केंद्र दे रहा आमजन को राहत : ज्ञान

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर


जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते विधायक ज्ञान तिवारी

**अमृत विचार :** विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा रामपुर मथुरा में बहादुरगंज रोड पर स्थित मौर्य मार्केट में वर्मा आई केयर सेंटर एण्ड ऑप्टिकल्स सेंटर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। विधायक का माला पहनाकर स्मृति व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

केंद्र के संचालक डॉ. नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि आंख की जांच निशुल्क की जाएगी, नेत्र संबंधी सभी बीमारियों का इलाज व चश्मा जांच कर दिया जाएगा। विधायक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों का संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आम लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं, जहां पर जटिल बीमारियों की दवाई बहुत ही सस्ते रेट पर दी जाती है, जिससे आम आदमी इलाज से वंचित न रहे।

इस मौके पर संचालक अमर बहादुर सिंह द्वारा विधायक का माला पहनाकर स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। औषधि केंद्र पर दवाइयां का वितरण डॉ. अमर शेखर पटेल द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार, शैलेंद्र मौर्य, मनोज सिंह, मंजू सिंह, प्रधान पुत्तन दीक्षित, रवि कुमार, मोहन निषाद, सोनू निषाद, नरेंद्र सिंह, कुमुद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नदियों को स्वच्छ बनाने का लोगों ने लिया संकल्प

**सीतापुर, अमृत विचार:** अमृत विचार की मुहिम कारगर साबित हो रही है। प्रशासन के साथ स्वयंसेवी संगठन भी आगे आए हैं। नदी संरक्षण अभियान के अंतर्गत आजाद हिन्द भगत संगठन द्वारा स्व. गिरीश चंद्र जायसवाल की स्मृति में नदी सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने नदियों को स्वच्छ बनाए रखने और नियमित रूप से सफाई अभियान में भाग लेने का संकल्प लिया। नदी सफाई कार्यक्रम के अंतर्गत घाटों और नदी के आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक, जैविक कचरे और अन्य प्रदूषकों को हटाया गया। प्रतिभागियों ने श्रमदान कर नदी तटों की सफाई की और लोगों को पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। आजाद हिन्द भगत संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह केवल एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है। संगठन नदियों की स्वच्छता के लिए नियमित रूप से जनजागरण और सेवा कार्य करता रहेगा।

# खेत में गये युवक को दिखा तेंदुआ, दहशत

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार:** पिसावां क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमपुर गांव सुबह उस समय दहशत में आ गया, जब गांव के युवक उमाकांत का सामना जंगल किनारे एक तेंदुए से हो गया। यह घटना उस वक्त हुई जब उमाकांत खेत की ओर गया था। उमाकांत के मुताबिक, वह जैसे ही झाड़ी के पास पहुंचा, उसकी नजर सामने पड़े एक बाघनुमा जानवर पर गई। कुछ क्षण के लिए वह स्तब्ध रह गया, लेकिन खुद को संयमित करते हुए शांत खड़ा रहा। सौभाग्यवश, तेंदुए ने हमला नहीं किया और कुछ ही देर में यूकेलिप्टस के जंगल की ओर लौट गया। सूचना पर उप वन क्षेत्राधिकारी राहुल यादव व वन दरोगा विनीत कुमार सक्सेना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके में गहन कांबिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया। कांबिंग के दौरान खेतों में मिले ताजे पगचिह्नों की जांच की गई, जिससे तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई। वन अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ अभी आसपास के क्षेत्र में मौजूद हो सकता है और उसकी निगरानी जरूरी है। वन विभाग ने प्रेमपुर व आस-पास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों से अकेले खेत या जंगल में न जाने की हिदायत दी है।

# उमसभरी गर्मी से परेशान रहे लोग

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद में तेज धूप और दोपहर बाद बादलों की आवाजाही से लोगों का हाल बेहाल रहा। बाजार में सामान्य से कम भीड़ देखने को मिली। शाम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। पीतपुर निवासी किसान जीतेंद्र मिश्रा, विकास शुक्ला का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों उमस भरी गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। ऐसे में घंटो घर के बाहर टहलकर रात बितानी पड़ रही है। उधर, दिन में बाजार में बिजली गुल होने के बाद कई दुकानों के बाहर जनरेटर आवाज करते दिखाई पड़े। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिन में बारिश की संभावना है।

# नशा मानव जीवन के लिए घातक : सतीश


रंगवा स्थित बाबा जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित सत्संग में उपस्थित अनुयायी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** रंगवा स्थित बाबा जयगुरुदेव आश्रम में सत्संग आयोजित किया गया। अनुयायियों ने प्रतिभाग कर शाकाहारी रहने का संकल्प लिया। ग्राम रंगवा स्थित बाबा जय गुरुदेव आश्रम में जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चंद्र ने उपस्थित अनुयायियों को शाकाहारी सदाचारी रहने का संदेश दिया। उन्होंने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए संत महात्माओं की शरण में जाने की अपील की, उन्होंने कहा कि नशा मानव समाज के लिए अत्यंत घातक है। इस मौके पर अमर सिंह, राजबहादुर, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पंचायत देवां, बाराबंकी

पत्रांक: 1976 / न0पं0 देवां / ई – निविदा सूचना / 2025–26 दिनांक : 23.06.2025

ई–निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से एवं 15वाँ वित्त आयोग की धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु निविदा ई–निविदा पोर्टल के माध्यम से दिनांक 21.06.2025 से 11.07.2025 तक डाउनलोड/अपलोड की जायेगी । प्राप्त निविदायें दिनांक 14.07.2025 को अपरान्ह 1: 00 बजे खोली जायेगी। यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसकी अगली तिथि अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी । ई – निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसको डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत देवां, बाराबंकी

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार 5 लोग घायल

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार।** थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम अगानपुर के समीप मंगलवार देर शाम करीब साढ़े आठ बजे एक अज्ञात वाहन ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक चला रहा भवानीगंज निवासी राजेंद्र कुमार, उनकी पत्नी आशा देवी, उनका बेटा अरुण, उनकी साली सीमा देवी और छह वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैतनगर पहुंचाया।

जहां घायलों का प्राथमिक इलाज करने के बाद भी उनकी हालत में कोई विशेष सुधार न होने पर राजेंद्र कुमार, आशा देवी, सीमा और अरुण को बेहतर उपचार केलिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# एक लेखपाल के पास तीन से चार क्षेत्र, समय पर नहीं हो पा रहा काम

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की फतेहपुर शाखा की तहसील सभागार में मंगलवार को बैठक हुई। इसमें लेखपालों ने बताया कि एक लेखपाल के पास तीन से चार क्षेत्र हैं। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष ने कहा कि नए चयनित लेखपालों को जनपद की अन्य तहसीलों की तरह चार्ज दिया जाए। इससे वर्तमान लेखपालों पर काम का बोझ कम होगा। लेखपालों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्तिकेय सिंह को मांगपत्र सौंपा है। उन्होंने लेखपालों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति और बकाया चिकित्सा अवकाश के भुगतान की मांग भी की। लेखपालों ने बताया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। लेकिन एक लेखपाल के पास कई क्षेत्र होने से प्रार्थना-पत्रों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इससे उनके खिलाफ कार्रवाई का खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की है कि कार्य की अधिकता को देखते हुए उन पर अतिरिक्त दबाव न बनाया जाए। बैठक में तहसील मंत्री रेशू वर्मा, अरविंद वर्मा, साकेत रावत, विकास रावत, प्रिंस, सर्वेश यादव, कपिल देव, सद्दाम हुसैन और शालिनी तिवारी सहित अन्य लेखपाल मौजूद थे।

# सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम बढ़ैयापुरवा में खेत की मेड़ और बोरिंग विवाद में पुलिस की कार्रवाई से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को सीओ रामनगर के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मामला बढ़ैयापुरवा निवासी रामू और टिहुरकी के वीरेंद्र प्रताप, दिनेश शुक्ला व यशवंत के बीच विवाद का है। रामू ने तीनों पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए महादेवा चौकी में शिकायत की। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने शिकायत दर्ज करने के बजाय रामू के बेटे से 20 हजार रुपये की मांग की। पैसे नहीं मिलने पर युवक के खिलाफ धारा 151 के तहत शांति भंग का चालान कर दिया गया। इस कार्रवाई से नाराज होकर रामगोपाल, रमेश पाल, अयोध्या प्रसाद समेत कई ग्रामीण महिला-पुरुष सीओ कार्यालय पहुंचे।

कार्यालय जिलाधिकारी अयोध्या
(खनन अनुभाग)

संख्या: 938/ REVAYO-MIN0MINW/17/2025-MINE-AYO दिनांक: 24.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय विज्ञप्ति संख्या 838/क्वैरी कार्यालय/2025–26 दिनांक 20.05.2025 द्वारा विज्ञापित किया गया था तहसील सदर स्थित गाम रानोपाली में भण्डारित बालू के सम्बंध में एकल निविदा प्राप्त हुयी है, जिसे समिति द्वारा निरस्त कर पुनः विज्ञापन की संस्तुति की गयी है। तहसील सदर के ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) गाटा सं0 519, 522, 521, 523 में सीज अवैध रूप से भण्डारित साधारण बालू के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 2595/86–2018–12(सामा0)/2018 भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग दिनांक 03.12.2018 में दिये गये निर्देशानुसार 03 माह की अल्प अवधि के लिए ई–टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से दिनांक 25.06.2025 से 02.07.2025 तक ई–निविदा etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार आंमत्रित किया जाता है:–

जनपद अयोध्या तहसील सदर में सीज भण्डारित सा0 बालू विवरण

| क0स0 | लाट संख्या/ तहसील/ ग्राम | गाटा संख्या | खनिज का नाम | सीज के उपरान्त अनुमानित भण्डारित बालू मात्रा (घन मी0) | रायल्टी दर (घन मी0) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य (घन मी0) | कुल धनराशि का 75 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर/ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) | 519, 522, 521, 523 | साधारण बालू | 8840 | 65 | 5,74,600/– | 4,30,950/– |

| क्षेत्र का विवरण | बिन्दु (Pillars) | अक्षांश (Longitude) | देशान्तर (Longitude) |
|---|---|---|---|
| सदर/ग्राम रानोपाली बी0एन0पी0 (सन्त निरंकारी आश्रम के बगल में) | A | 26°46'18.2" | 082°11'10.3" |
| | B | 26°46'18.2" | 082°11'11.8" |
| | C | 26°46'19.4" | 082°11'12.3" |
| | D | 26°46'19.3" | 082°11'12.8" |
| | E | 26°46'17.3" | 082°11'12.0" |
| | F | 26°46'17.3" | 082°11'11.2" |
| | G | 26°46'15.4" | 082°11'10.1" |
| | H | 26°46'15.9" | 082°11'08.7" |

2. सभी खण्डों से बालू हटाने/उठाने की अवधि अधिकतम 03 माह होगी जिसमें कोई विस्तार अनुमन्य नही होगा।
3. ई–निविदा आंमत्रण सूचना दिनांक 25.06.2025 समय 10.00 बजे से दिनांक 02.07.2025 समय 5.00 बजे तक ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निविदाकार के द्वारा अपनी ई–निविदा अपलोड की जायेगी।
4. ई–निविदा दिनांक 03.07.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित ई टेण्डर समिति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार, अयोध्या में खोला जायेगा।
5. उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी खनन अनुभाग जिलाधिकारी कार्यालय अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है।

अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/
प्रभारी अधिकारी (खनन)
अयोध्या।

UP-235294 दिनांक 24.06.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# महिलाओं से की अभद्रता और छेड़छाड़

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की तीन अलग-अलग घटनाएं घटित हुई हैं। तीनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पहली घटना बदोसरांय थाना क्षेत्र के एक गांव की है। एक महिला ने आरोप लगाया कि 22 जून की शाम उसकी 20 वर्षीया पुत्री गांव के बाहर आम तोड़ने गई थी, तभी पड़ोस के गांव का एक युवक वहां पहुंचा और गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया। युवती के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र की है। एक गांव की पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 22 जून को सुबह वह गांव के पास से गुजर रही थी, तभी एक समुदाय विशेष के युवक ने खेत के पास बैठकर उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गालियां दीं और हाथापाई करने की कोशिश की। तीसरी घटना टिकैतनगर थाना क्षेत्र की है। 20 जून की रात एक महिला अपने बच्चे के साथ घर में सो रही थी। तभी गांव का ही एक युवक घर के पिछले रास्ते से अंदर घुस आया और महिला के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। महिला के जागने पर आरोपी फरार हो गया। घटना की जानकारी महिला ने डायल 112 पर कॉल कर तत्काल दी। पुलिस इन मामलों की जांच की जा रही है।

**दूसरी जगह शादी करने पर हत्या की धमकी :** थाना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के अनुसार उसके गांव के ही युवक आकाश और उसका भाई लवकुश लगातार एक माह से उसका पीछा कर रहे हैं। 22 जून को दोनों आरोपी पीड़िता के घर पहुंचे और शादी का दबाव बनाते हुए उसे धमकाने लगे। विरोध करने पर मारपीट और अश्लील हरकतें की। उसकी शादी पहले से तय है, लेकिन आकाश ने धमकी दी है कि यदि शादी कहीं और की तो वह न केवल लड़की बल्कि उसके होने वाले पति को भी जान से मार देगा। साथ ही उसने कहा कि जो भी बीच में आएगा, उसे भी नहीं छोड़ेगा। आरोप है कि आरोपी पैसे और दबंगई के दम पर उसे जबरन अगवा करने की बात कह रहा है। 23 जून की सुबह भी आरोपी युवक उसके घर पहुंचा और दोबारा धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अंकित अनुरागी के गलत चाल चलन एवं अराजक तत्वों के साथ उठने बैठने को लेकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उसके द्वारा किये गये कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कृष्णा कुमारी पुत्री मंगल निवासी – नई बस्ती, पठानपुरा राठ (हमीरपुर) उ0प्र0**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 212073648 में मेरा नाम महेशा अंकित है, जबकि सभी आईडी प्रूफ में अनीता देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल माधौपुर सुल्तानपुर अरखा ऊंचाहार जिला रायबरेली दर्ज है। महेशा पत्नी पुरुषोत्तम लाल और अनीता पत्नी पुरुषोत्तम लाल दोनों ही नाम मेरे हैं। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूं।

सूचना
सूचित हो कि मैं Arun Pandey पुत्र राम करन पाण्डेय, निवासी– W/20, मानस नगर, अलीनगर सुनहरा, संत सांई पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उ0प्र0–226023, मेरी पुत्री Sakshi Pandey के सभी शैक्षिक दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मेरा नाम त्रुटिवश – Arun Kumar Pandey अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि सत्य एवं वास्तविक नाम Arun Pandey है, जो कि आधार कार्ड नं0–45580218 8219 में दर्ज है। अतः मेरा वास्तविक नाम Arun Pandey उपरोक्त पुत्री – Sakshi Pandey के समस्त दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मान्य किया जाय।

सूचना
मेरा पुत्र दीपक दीक्षित गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिए। यदि उससे कोई किसी प्रकार का लेन देन करता है। तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **विजय कुमार पुत्र रघुवीर सहाय, निवासी– 89 यमुना विहार कालोनी – करनपुरा, इटावा**

सूचना
सूचित हो कि मै **सिमरह सिद्दीक पुत्री उमर सिद्दीक तबरेज, निवासिनी–544क/44 सरदार नगर कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ,** मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 11–02–2010 है जोकि आधार कार्ड पर भी अंकित है। लेकिन मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10–02–2010 अंकित हो गयी है जो गलत है। अतः मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज किया जाय।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैयद रजा का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह मेरा भरण पोषण नहीं करता है और आए दिन झगड़ा लड़ाई करता है। जिससे तंग होकर मैं उसे अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अहमद रजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद राजा निवासी – मोहल्ला बमपुलुस, कस्बा व थाना एवं तहसील– करनैलगंज जिला गोंडा**

# शातिरों खबरदार ! जिले में सुरक्षा समिति तैयार

## समिति के निर्देशन में चार नौजवान रखेंगे ग्राम पंचायत क्षेत्र और आसपास की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**नई व्यवस्था**

- एसपी के आदेश पर 2353 गांवों में सुरक्षा समिति तैयार
- सभी थाना व कोतवाली प्रभारियों को मिले निर्देश



अंकुर अग्रवाल, एसपी, सीतापुर।

**अमृत विचार :** शोहदों और शातिरों से दो-दो हाथ करने युवाओं की फौज तैयार हो रही है। पुलिस अधीक्षक ने जिले में ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करते हुए नोडल अधिकारी नामित कर दिये हैं। इनके निर्देशन में हर गांव में समितियों से जुड़े चार युवाओं से सुरक्षा संबंधी कार्य लिये जाएंगे, ताकि आवाम और पुलिस के बीच सामंजस्य के साथ सुरक्षा मजबूत हो सके। दरअसल, प्रदेश की राजधानी से जुड़ा जनपद भौगोलिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि यहां बहराइच के अलावा, हरदोई, शाहजहांपुर, लखीमपुर और बाराबंकी जनपद की सीमाएं जुड़ती हैं। कई बार इन्हीं को लांघकर आतंकी नेपाल में शरण ले चुके हैं। हाल दिनों में चोरी की घटनाएं हुई। इन सबको ध्यान में रखकर एसपी अंकुर अग्रवाल ने नेटवर्क और सोशल इंजीनियरिंग का नया फार्मूला तैयार किया और जनपद की 2353 राजस्व ग्राम पंचायतों में ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय कर दिया। पुलिस अधीक्षक बताते हैं कि इसको लेकर सभी थाना व कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दे दिये गए हैं। सुरक्षा समितियों में चार ऐसे युवाओं को जोड़ा जाएगा जो सामाजिक दृष्टिकोण से सक्रिय और तकनीकी जानकारियों से सरोकार रखने वाले हों।

**नोडल अफसर रखेंगे साप्ताहिक मीटिंग का लेखा-जेखा :** हर समिति का नोडल अफसर मुख्य आरक्षी और बीट सिपाहियों को बनाया गया है। ये लोग वाट्सएप ग्रुप के सहारे सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। सप्ताह में एक मीटिंग होगी, जिसमें किये गए सक्रिय कार्यों का लेखा-जेखा होगा। अमन-चैन और सुरक्षा का आंकलन माह में एक बार कोतवाली अथवा थानाप्रभारी करेंगे।

**10 वर्ष पूर्व भी हुई ऐसी ही सकारात्मक पहल :** शहर में आवास विकास स्थित बी ब्लॉक में बदमाशों ने डकैती की नियत से दस वर्ष पूर्व धावा बोला, जिसका लोगों ने डटकर सामना किया। जनपद के कई और स्थानों पर भी गंभीर वारदातें हुईं। ऐसे में तत्कालीन एसपी आलोक सिंह ने ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करके युवाओं को उससे जोड़कर टार्च और डण्डे दिये थे। जिससे काफी हद तक गंभीर वारदातों में रोकथाम लग गई थी।

### 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों को मिलेगी प्राथमिकता

ग्राम सुरक्षा समिति में शामिल होने से पहले व्यक्ति का चरित्र सत्यापन होगा। देखा जाएगा कि अमुख व्यक्ति का कोई अपराधिक रिकार्ड तो नहीं है। साथ ही उसकी सामाजिक छवि और आमजन के बीच योगदान कितना है, प्राथमिकता 40 वर्ष ये कम उम्र के लोगों को मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### नए सरोवर के लिए प्राथमिक विद्यालय ध्वस्त



**नैमिषारण्य, अमृत विचार :** नैमिषारण्य में हो रहे पर्यटन विकास को चक्रतीर्थ के समीप नए सरोवर के निर्माण के लिए पुराने प्राथमिक विद्यालय चक्रतीर्थ को ध्वस्त कर दिया गया। पर्यटन विभाग की ओर से की गई कार्रवाई पर्यटन उपनिदेशक डॉ. कल्याण सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी कपिल त्रिवेदी की मौजूदगी में की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में जेसीबी से मदद ली गई। पर्यटन विभाग के उप निदेशक का कहना है कि कुछ माह पूर्व ही कंपोजिट विद्यालय को स्थानांतरित किया जा चुका था। शासन से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही विद्यालय को हटाया गया है। पर्यटन अधिकारी का मानना है कि नैमिष कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत सरोवर के निर्माण से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### सेउता विधायक का थाने में हंगामा



थाने पर मौजूद सेवता विधायक ज्ञान तिवारी।

**सेउता, अमृत विचार :** सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने थानगांव थाने पर जमकर हंगामा काटा। उन्होंने इलाका पुलिस और राजस्व के जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए, इस दौरान राजस्वकर्मी और थाना प्रभारी को खरी-खरी का सामना करना पड़ा। बताते हैं कि विधायक ज्ञान तिवारी इलाके में थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने अपनी समस्याएं बताई, ऐसे में विधायक सभी इलाके के लोगों को लेकर थानगांव थाने पर पहुंच गए। उन्होंने थाना प्रभारी को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि इसीलिए तो पुलिस वालों के । सहित कई अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए राजस्वकर्मी को भी आड़े हाथों लिया। विधायक की खरी-खरी से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### मकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला आलमनगर में एक पुराने मकान को ढहाया गया। परिवार के लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला आलमनगर में नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। इनके साथ कोतवाली पुलिस भी मौजूद थी। किरायेदार मुरारीलाल ने बताया कि बिना कोई सूचना दिए प्रशासनिक टीम ने उनके मकान को ढहा दिया गया। दावा है कि परिवार 80 साल से रह रहा है। प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद भी प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। उधर, नायब तहसीलदार का कहना है कि उक्त कार्रवाई सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर की गई है।

### भूमिहीनों को भूमि दिलाए जाने पर जोर



जनचौपाल कर समस्याओं को साझा करते ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बैठक का आयोजन हुआ। ईदगाह स्थल पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से क्षेत्र के ग्राम रूढ़ा भवनाथपुर में भूमि हीन महिलाओं को भूमि उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। इस संबंध में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देने पर भी जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष छैल बिहारी मिश्रा ने की। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजीत कुमार, छैलबिहारी मिश्र जिलाध्यक्ष, विकास निषाद, सूरज यादव, रणजीत, सुंदरी, राम देवी अनीता, अर्चना, सुनीता, संगीता, तारावती, सुमन देवी, राज कुमार सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### बिना हेलमेट और कागजात के 8 वाहन चालकों का चालान



चालानी कार्रवाई करती सिधौली पुलिस।

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली इलाके में यातायात नियमों को लेकर पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। कुंवरगड्डी चौकी क्षेत्र में किया गया। चौकी प्रभारी उमाशंकर यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में रजनीश यादव, जितेंद्र यादव, कुलदीप यादव और सुरेंद्र यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। टीम ने सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और वैध कागजात के चल रहे 8 दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और कागजात साथ रखने की सख्त हिदायत दी। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी भी दी गई।

### 6 फीट से अधिक नहीं होगी ताजिया की ऊंचाई

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** मुहर्रम के अवसर पर सिधौली क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक का आयोजन स्थानीय थाना परिसर में किया गया। बैठक में क्षेत्राधिकारी मोहन कपूर, उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, और कोतवाल बलवंत साही समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व समुदाय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिये गए कि ताजिया की ऊंचाई अधिकतम 6 फीट तक ही रखने की अनुमति दी गई है। ताजिया जुलूस निर्धारित समय पर निकाला जाएगा और शाम से पहले दफन कर देना अनिवार्य होगा। मजलिस या जुलूस में हथियार ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में इलाका वासी मौजूद थे।

### सड़क पर आया मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत



सड़क पर मौजूद मगरमच्छ

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** भदफर इलाके में मगरमच्छ दिखने के बाद हड़कंप मच गया। ऐसे में देर तक अफरातफरी मची रही। बाद में इलाके के बड़े तालाब में मगरमच्छ चला गया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के भदफर निवासी पंकज मिश्रा के मुताबिक, घर के निकट स्थित तालाब के पहले मगरमच्छ देखा गया। कुछ ही देर के बाद वो सड़क पर आ गया। ऐसे में लोगो में दहशत मच गई। योगेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद दरोगा अरविंद गिरी गांव पहुंचे तब तक मगरमच्छ तालाब की ओर जा चुका था। वन दरोगा ने बताया कि तालाब में कुंभी अधिक होने के कारण मगरमच्छ दिखाई नहीं दिया। उन्होंने तालाब के आसपास रहने वाले लोगों को सजग रहने की सलाह दी है। गांव के पंकज मिश्रा, अरुण मिश्रा, सत्यम, जीत, आदर्श आदि ने मगरमच्छ देखे का दावा किया है।

## एक नजर

### 10 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। राम किशुन पेट्रोल पंप के पास स्थित एक झोपड़ी में 10 वर्षीय अमित उर्फ भोला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के समय बच्चे के माता-पिता अमेठी में मजदूरी करने गए थे और घर पर केवल उसकी 6 वर्षीय बहन मौजूद थी। छोटी बहन ने जब अपने भाई को झोपड़ी में संदिग्ध अवस्था में लटका देखा तो उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर सकरन थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची व जांच शुरू की। मृतक के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी है और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### घायल मुंशी की उपचार के दौरान मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ अधिवक्ता और सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर के मुंशी गोपी यादव की उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल का लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था। बता दें कि कचहरी से घर जाते समय पिछले दिनों घात लगाकर गोपी यादव पर हमला हुआ था। ऐसे में उनके पांच गोलियां मारी गईं। हालांकि पुलिस मुख्य आरोपी को जेल भेज चुकी है।

### 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों की हुई पेयरिंग

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने जिले के विभिन्न विकास खंडों में 50 से कम नामांकन वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों को चिन्हित किया है। कुल 105 स्कूलों को चिन्हित कर उनकी सूची जारी की है। इनमें 50 से कम नामांकन वाले विद्यालय सम्मिलित किए गए हैं। बीएसए ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पहली जुलाई से नए सत्र में कम नामांकन वाले स्कूलों और शिक्षकों को संबद्ध कराया जाए। उसी के अनुरूप शिक्षण कार्य भी कराए जाएंगे। इसमें बिस्वा के 4, महोली, सिधौली, पिसावा सहित अन्य ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालय शामिल किए गए हैं।

### बोलेरो व कंटेनर की टक्कर से एक ही परिवार के 5 लोग घायल

**सीतापुर, अमृत विचार :** लखनऊ दिल्ली हाईवे पर सीतापुर सिधौली में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अहमदपुर जाट के पास एक कंटेनर ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसके पीछे आ रही बोलेरो गाड़ी कंटेनर से टकराई और हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों में गाड़ी चालक सर्वेश, पवन कुमार यादव की पत्नी मिथलेश, बेटी सोनी बेटा रितेश यादव और प्रदीप शामिल है।। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बोलेरो सवार श्रद्धालु बहराइच के रहने वाले थे। जो अपने परिवार संग नैनीताल घूमने जा रहे थे।

# खाद के लिए फिर लाइन में लगे किसान

## मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सिधौली व बिसवां क्षेत्र के औचक निरीक्षण के बाद भी नहीं मिल रहा समाधान

**अमृत विचार पड़ताल**

- बेलझरिया केंद्र पर डीएपी नहीं, यूरिया भी सीमित मात्रा में
- कृषि मंत्री के निर्देश के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी
- लहरपुर में मिली खाद, किसानों ने ली राहत की सांस

अमृत विचार टीम, सीतापुर



इफको किसान सेवा केंद्र बेलझरिया में किसानो की भीड़। अमृत विचार



रामरतन।



नत्था।

**अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सख्त निर्देशों के बाद भी जिले में दूसरे दिन खाद वितरण की व्यवस्था अपने ढर्रे पर नहीं आ सकी। बड़ी संख्या में किसान परेशान होते नजर आए, कुछ केंद्रों पर संचालकों को किसानों की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को बिसवां क्षेत्र के इफको किसान सेवा केंद्र बेलझरिया पर खाद के लिए किसान परेशान दिखे। वहीं, लहरपुर क्षेत्र में किसाने ने समय से मिलती खाद के बाद राहत की सांस ली।

**सुबह 8 बजे से लगी रही लाइन :** बिसवां तहसील क्षेत्र के बेलझरिया केंद्र पर मंगलवार सुबह आठ बजे से आधा सैकड़ा किसान खाद के लिए लाइन में लगे रहे। कुछ किसानों ने बताया कि उन्होंने रुपये जमा कर दिए, लेकिन खाद नहीं मिली। अशरफपुर से आए किसान नत्था ने कहा कि तीन बोरी यूरिया लेनी थी, पर एक ही बोरी मिली है। सद्दूपुर महरिया निवासी रामरतन को पांच बोरी खाद चाहिए थी, सिर्फ एक की ही पर्ची कट रही है। ऐसे में उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। केंद्र प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि डीएपी खत्म हो गई है। केंद्र पर एनपीके की 595 और यूरिया की 1104 बोरियां मौजूद है।


**वितरण रहा सामान्य, कोई दिक्कत नहीं :** लहरपुर क्षेत्र में कृषि मंत्री के आदेशों का असर देखने को मिला। कस्बा स्थिति केंद्र पर यूरिया 270 और डीएपी 1350 रुपए की दर से किसानों को आसानी से मिल रही है। किसानों ने बताया कि अब पहले जैसी अफरा-तफरी नहीं है। रजिस्ट्रेशन और वितरण की प्रक्रिया सामान्य चल रही है। सोमवार को मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सिधौली और बिसवां क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया था।

### खाद वितरण में लापरवाही पर कृषि अधिकारी निलंबित

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले में खाद वितरण में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी सीतापुर मंजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याओं से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि खाद वितरण केंद्रों की निगरानी सख्ती से की जाए और किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सीतापुर में जैन इंटरप्राइजेज और मैसर्स बालाजी एग्रो ट्रेडर्स पर विभागीय और विधि कार्रवाई भी होगी

# निर्वाचन प्रक्रिया में दिव्यांगों की भागीदारी पर दें जोर

संवाददाता सीतापुर



बैठक कर निर्देश देते अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाताओं से सम्बन्धित जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप दिव्यांगजनों की सक्रिय और बाधारहित भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

एडीएम ने निर्देश दिए कि जो दिव्यांगजन 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराए जाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभागों से दिव्यांगजनों की सूची प्राप्त कर, उन्हें बूथवार संकलित कर मैपिंग की जाए। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण में संवेदनशीलता अनिवार्य :** एडीएम ने कहा कि चुनाव कार्यों में लगे सभी कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दिव्यांगजनों की विशेष आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं के नामांकन और जागरूकता के लिए विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जाए।

**मतदान प्रक्रिया में बढ़े भागीदारी :** उन्होंने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों में से ही मतदान बूथ स्तर, मतदान केंद्र स्तर तथा जिला स्तर पर आइकन नियुक्त किए जाएं, जिससे उनके बीच प्रतिनिधित्व और भागीदारी की भावना को बल मिले।

# अभिलेखों में हेरफेर को लेकर सीएम आवास के करीब टंकी पर चढ़ा पुजारी

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री आवास के समीप पानी की टंकी पर चढ़कर हाईवोल्टेज ड्रामा करने वाला अधेड़ सीतापुर जनपद के लहरपुर स्थित पंचमुखी बड़ा शिवालय मंदिर बेहटी का पुजारी निकला, पुजारी का दावा है कि अभिलेखों में हेरफेर करके मंदिर की भूमि को विक्रय कर दिया गया है। तहसील के जिम्मेदार मामले में लापरवाही बरत रहे हैं। जिसके विरोध में उसने यह कृत्य किया। बताते हैं कि मुख्यमंत्री आवास के समीप पानी की टंकी पर एक व्यक्ति चढ़ गया। सुरक्षाकर्मियों की नजर पड़ते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा, पूछताछ के बाद व्यक्ति की पहचान सीतापुर जनपद के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित कस्बे के बेहटी निवासी रामशंकर तिवारी के रूप में हुई।

मौके पर उसकी बहन भी मिली। पुलिस से पूछताछ में पुजारी ने बताया है कि वो पंचमुखी बड़ा शिवालय मंदिर बेहटी लहरपुर का पुजारी है। पिछले कुछ समय पहले मंदिर की भूमि को अभिलेखों में हेरफेर करते हुए विक्रय कर डाला गया है। इसमें कई जिम्मेदार भी शामिल हैं। फिलहाल इन्हीं दावों के आधार पर जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है, एक टीम रामशंकर तिवारी और उनकी बहन को लेने के लिए लखनऊ भेजी गई है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शिविरों में पात्र किये जा रहे हैं लाभान्वित : अरिंजय



शिविर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर:** आम जन मानस की जनकल्याणकारी योजनाओं तक आसानी से पहुंच हो सके, इसके लिए विभिन्न शिविरों का आयोजन अर्जुनगढ़ कंदुनी में किया गया। शिविरों का मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अपर आयुक्त आबकारी आरपी सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अरिंजय चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अरिंजय चौधरी ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की विभिन्न आवश्यक सेवाएं को लेकर नए राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन आवेदन कराने जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। वहीं 5 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कई गांवों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। टीम में अशोक बाजपेयी, उमेश कुमार, शकील अहमद, राजकिशोर सिंह, सुनील वर्मा, प्रदीप यादव, भरत प्रसाद एवं प्रधान मिश्री लाल प्रजापति, प्रमोद अवस्थी, शेर मोहम्मद, शेखर, हसन मियां आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर, पांच चोरियों का खुलासा

**संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार:** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर को इमलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धर दबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद अपराधी ने क्षेत्र में अलग-अलग हुई पांच चोरी की वारदातों को कबूला। पुलिस ने अपराधी के कब्जे से नकदी, जेवरात और अवैध शस्त्र बरामद किये हैं। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में काफी दिनों से चोरी की वारदातें देखने को मिल रही थीं। इसी को लेकर एसपी अंकुर अग्रवाल ने बीते दिनों इंस्पेक्टर इमलिया शैलेन्द श्रीवास्तव को निलंबित करते हुए कमान सांडा चौकी प्रभारी को सौंपी थी। ऐसे में इमलिया पुलिस ने बीबीपुर गांव वासी विनय पुत्र बुद्धा नाम के एक शातिर अपराधी को पारा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधी के पास से दस हजार रुपए, सोने-चांदी के गहने, तमंचा-कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए विनय ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि उसने काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के कमोलिया गांव में 27 मई की रात हुई तीन घरों में चोरी व 30 मई की रात इमलिया के फर्रकपुर से हुई चोरी तथा 31 मई की रात ढोलई कला गांव से चोरी की है।

### चोरों ने नगदी, जेवर समेत उड़ाई लाखों की संपत्ति

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** सदरपुर थाना इलाके के फरदापुर गांव में चोरों ने देर रात इदरीश उर्फ मंगरे के घर पर शातिरों ने धावा बोला। रात के अंधेरे में शातिरों ने घर से डेढ़ लाख की नकदी, जेवर समेत करीब तीन लाख की संपति चोरी कर ली। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इदरीश उर्फ मंगरे ने बताया कि सुबह परिजन जब सोकर उठे तो उनको कमरों के खुले दरवाजे और बिखरा सामान देख उनको अपने घर में चोरी होने का पता चला। पीड़ित ने अपने घर में चोरी होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**खुलासा** चार दिन पूर्व रामपुर मथुरा क्षेत्र के चिखड़ी धंधार में हुई थी युवती हत्या, बातचीत में इस्तेमाल हुए सिम भी बरामद

# राज न खुलने के डर से प्रेमी ने की थी हत्या, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल व गिरफ्तार किया गया हत्यारोपी।

**अमृत विचार :** प्रेम का अंत ऐसा होता है, शायद प्रेमिका ने भी न जाना था, तभी प्रेमी के बुलावे पर गांव के बाहर आई, फिर युवक ने गला दबा दिया, दुपट्टे से तब खींचा जब तक प्रेमिका की मौत न हो गई। वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस सिम से दोनों के बीच बात होती थी, उसको भी बरामद कर लिया है।

दरअसल, 20 जून को रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के चिखड़ी धंधार गांव के बाहर मक्का के खेत में सलीमुन (20) पुत्री का सकटू का शव मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो पता चला कि युवती को गला दाबकर मार डाला गया है। गंभीर वारदात से जुड़े इनपुट को जानने और समझने के लिए खुद पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल कई घंटे इलाके में रहे। परिवार से मिली जानकारी के बाद युवती के करीबी हिरासत में लिये गए। सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों की मदद से इलाके के ही लोधनपुरवा मजरा छतौनी निवासी अरमान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अरमान ने पूछताछ के दौरान हत्या की वारदात किये जाने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वो और सलीमुन दोनों एक साथ पढ़ते थे। फिर आपस में दोस्ती हो गई। उसने मोबाइल के अलावा सिम भी खरीदकर सलीमुन को दिया, जिससे दोनों के बीच बातचीत हुआ करती थी। इस बीच अरमान की शादी हो गई लेकिन सलीमुन का फोन करना बंद नहीं हुआ, उसे डर था कि सलीमुन उसके राज खोल देगी, जिससे उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद हो जाएगा।

### फोन काल ने खोला राज

सूत्रों की मानें तो बीटीएस पर अंतिम कॉल खंगाली गई तो पता चला कि एक कॉल दूसरे गांव से आई है, उसके बाद जिस नंबर पर बातचीत हुई है वो फोन बंद आ रहा है। जिस पर सर्विलांस टीम साक्ष्यों को खंगालना शुरू किया तो अरमान हाथ लगा।

### दुपट्टे से गला दबाया फिर हो गया फरार

अरमान ने पहले सलीमुन का गला दबाया, फिर दुपट्टे से तब तक गर्दन खींची, जब तक वो मर नहीं गई। बाद में मक्के के खेत में शव छोड़कर मोबाइल से सिम निकालने के बाद फरार हो गया।

### पुलिस टीम में शामिल लोग

थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा कृष्ण नंदन तिवारी, एसआई अशोक सोनकार, मुख्य आरक्षी उमेश कुमार, विमलेश सिंह, संजय यादव।

**एसओजी टीम :** एसओजी और सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र विक्रम सिंह, स्वॉट टीम प्रभारी अमर सिंह, एसआई राजबहादुर, मुख्य आरक्षी शराफत अली, आरक्षी गुरपाल, भूपेंद्र राणा, दीपक रंजन, अंकुर बालयान, सोहनलाल।

# यूपीसीडा की सड़कें बदहाल, चलना कठिन

## गड्ढों में तब्दील सड़कों की वर्षों से नहीं हुई मरम्मत, आये दिन हादसों का रहता खतरा

संवाददाता, कमरौली, अमेठी

**अमृत विचार:** यूपीसीडा उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें लंबे समय से बदहाल हालत में हैं। विशेष रूप से यूपीसीडा कॉलोनी, डाकखाना रोड और बैंक ऑफ बड़ौदा रोड की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि स्थानीय लोगों और उद्यमियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब गड्ढों में पानी भर जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी अरविंद शुक्ला, जसकरण यादव, रमाशंकर, दुर्गेश मिश्रा, बृजेंद्र यादव, जितेंद्र मिश्रा, विनय शुक्ला और शानू ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि वर्षों से सड़क मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे लगता है कि अधिकारियों को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। स्थानीय उद्यमियों ने भी खराब सड़कों को अपनी कारोबारी गतिविधियों में बाधा बताया है। उनका कहना है कि खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाता है और औद्योगिक विकास बाधित होता है। मांग उठ रही है कि यूपीसीडा जल्द से जल्द क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत करवाए और भविष्य में नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में नागरिकों और उद्यमियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

उधर, इस मामले में यूपीसीडा के क्षेत्रीय जेई रमेश निगम ने बताया कि जर्जर सड़कों का इस्टीमेट संबंधित कार्यालय को भेज दिया गया है अप्रूवल मिलते ही टेंडर प्रक्रिया कर जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जायेगा।


बैंक ऑफ बड़ौदा एवं पोस्ट ऑफिस जाने वाला मार्ग। अमृत विचार


केके हॉस्पिटल जाने का मार्ग।

# तालाब में कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, 24 फीट लंबी दीवार गिराई

संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी

**अमृत विचार:** तहसील तिलोई के ग्राम जुगराजपुर में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 0.6530 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सार्वजनिक तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाया। राजस्व अभिलेखों में यह जमीन तालाब के नाम पर दर्ज है। गांव के ही एक व्यक्ति ने इस तालाब की भूमि पर 24 फीट लंबी पक्की दीवार बनाकर कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने दीवार को गिरवाया और तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।प्रशासन की इस कार्वाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखा गया। तहसील प्रशासन ने साफ किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।


कब्जे से जमीन मुक्त कराती तहसील प्रशासन की टीम। अमृत विचार


जीत का जश्न मनाते आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

## उप चुनाव में जीत पर आम आदमी पार्टी ने मनाया जश्न

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** गुजरात, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा उपचुनाव की कुल 5 सीटों में आम आदमी पार्टी को गुजरात और पंजाब की लुधियाना सीट मिलने पर जिला कार्यालय सगरा तिराहा राजीव गांधी कांप्लेक्स पर जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। इसमें जिला महासचिव धर्मेंद्र नाथ शुक्ला, संतोष कुमार यादव, चन्द्रजीत यादव, जिलाजीत पाण्डेय, आवेश, धर्मेश चन्द्र मिश्र, शिव प्रसाद कश्यप, चन्द्र प्रकाश कश्यप, कुलदीप सरोज, राजेश यादव, तस्लीम कुरैशी, सीतापति, अकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों की मर्जिंग के फैसले के खिलाफ दिया ज्ञापन

**नाराजगी**

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कम नामांकन वाले विद्यालयों की पेयरिंग और मर्ज करने के फैसले के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को दिया। दस सूत्रीय ज्ञापन में विद्यालयों की मर्जिंग के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। भारत मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य और बहुजन मुक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष जगप्रसाद कोरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जगप्रसाद कोरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का यह फैसला गरीबों के बच्चों को अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा से वंचित करेगा। स्कूलों के बंद होने से शिक्षकों के पद कम होंगे। सरकार बेसिक शिक्षा विभाग को खत्म करने की साज़िश कर रही है।

संतोष कुमार मौर्य ने कहा कि बेरोज़गारी का दंश झेल रहा उत्तर प्रदेश का युवा इस फैसले से आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे होने के बावजूद युवाओं के हाथ खाली हैं। उन्हें काम नहीं मिल रहा है और वो परेशान हैं। राधेश्याम सरोज, रामराज गौतम, अजय रावत, एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद, तुलसी राम कोरी, निसार अहमद, अजय कुमार सरोज आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते भारत मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार


मेस का निरीक्षण करते सहायक कमांडेंट शिवपाल खटीक। अमृत विचार

## सीआईएसएफ जगदीशपुर ने पूरा किया लक्ष्य

**कमरौली, अमेठी, अमृत विचार :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की जगदीशपुर इकाई ने श्री अन्न अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। देशभर में फैली सीआईएसएफ की 434 इकाइयों में से एक जगदीशपुर यूनिट ने निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को पारंपरिक मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी और मक्का के स्वास्थ्यवर्धक लाभों से परिचित कराना और इन्हें दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। सीआईएसएफ यूनिट सेल जगदीशपुर की सहायक कमांडेंट शिवपाल खटीक ने बताया, "मोटे अनाज हमारे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। लोग अपने दैनिक आहार में श्री अन्न को अवश्य शामिल करें। सीआईएसएफ की यह पहल न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय किसानों को भी प्रोत्साहित कर रही है जो पारंपरिक अनाज की खेती में लगे हुए हैं।

# बिना परमिट काटे 12 से अधिक पेड़

**दबंगई**

- हरे पेड़ों की कटान पर ग्रामीणों ने की शिकायत, जिम्मेदार बने अंजान

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार:** जहां एक तरफ प्रदेश की योगी सरकार ग्रीन यूपी, क्लीन यूपी बनाने के लिए लगातार पौधरोपण पर जोर दे रही है। वहीं दूसरी तरफ वन माफिया बेखौफ होकर हरियाली पर आरा चला रहे हैं। वन माफियाओं के हौसले इतने बुलन्द हैं कि बगैर किसी परमिट के हरे भरे फलदार प्रतिबंधित वृक्षों पर आरा चलाकर बागों को वीरान करने में जुटे हैं। क्षेत्र में हो रही इस तरह की कटान से पुलिस और वन विभाग अनजान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बैंती के भैरमपुर में बिना परमिट के खेत के मेड़ पर खड़े एक दर्जन से अधिक आम, महुआ के पेड़ों को काटकर वन माफियाओं ने दिनदहाड़े ट्रैक्टर ट्राली में लकड़ी लादकर पार कर दी। लोगों ने इसकी शिकायत वन अधिकारी नावेद सिद्दीकी से की। क्षेत्र के लोगों का यह भी आरोप है कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अधिकतर गांवों में पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से प्रतिबंधित पेड़ों की कटान जोरो पर है।

इस बारे में वन अधिकारी नावेद सिद्दीकी ने बताया कि किसी तरह की कोई परमिट नहीं जारी की गई है। यदि बिना परमिट के प्रतिबंधित पेड़ों की कटान हुई है तो मुकदमा दर्ज करवाकर कार्रवाई की जाएगी।


शिवगढ़ क्षेत्र में वन माफिया द्वारा काटा गया पेड़। अमृत विचार



पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम एवं उपस्थित लोग। अमृत विचार

## ताजियों की ऊंचाई सीमित रखें: एसडीएम

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** मुसाफिरखाना थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें अंजुमन कमेटियों के पदाधिकारी, मस्जिदों के इमाम, क्षेत्रीय प्रधान और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपत्तिजनक या भड़काऊ नारों की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी हल्का दरोगा और बीट सिपाहियों को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उप जिलाधिकारी ने धर्म गुरुओं से विशेष सहयोग मांगा। उन्होंने ताजिया की ऊंचाई को लेकर सावधानी बरतने को कहा। यह हाईटेंशन तारों से दूर रहनी चाहिए ताकि कोई दुर्घटना न हो। बैठक में भदौर, भनौली, रसूलाबाद, औरंगाबाद और निजामुद्दीनपुर के प्रधान व इमाम मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### नाली पाटने पर ग्रामीणों ने जेई से की शिकायत

**तिलोई, अमेठी, अमृत विचार :** तहसील तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भदसाना निवासी एक दबंग के द्वारा पिछले 30 सालों से चल रहे सरकारी नहर से निकले कुलाबा को पाट दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दबंग ने चार बिस्वा जमीन का बैनामा लिया था जो सरकारी नहर की नाली से जुड़ा हुआ है। उसी के बगल में कुछ जमीन ग्राम समाज की भूमि परती थी जिसको दबंगई से मिट्टी डालकर पाट कर कब्जा कर लिया गया। आरोप है कि दबंग ने चार बिस्वा का बैनामा लेकर 10 बिस्वा पर कब्जा कर रखा है। इसके बाद उसने नहर की नाली को भी पाट दिया। इस पर किसानों ने मौके पर पहुंचकर नाली पाटने का विरोध किया और नहर विभाग के जेई प्रत्यूष शुक्ला को सूचना दी। मौके पर पहुंचे जेई ने कहा कि नहर की नाली को कोई भी नहीं पाटेगा। अगर नहर की नाली पाटी गई तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर फूलचंद तिवारी, राजकुमार, राजेश कुमार, नन्हे लाल, राधे लाल, हरिश्चंद्र तिवारी, शिवशरण सिंह, महेंद्र सिंह, मल्हू मौजूद रहे।

### दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प, दर्जनभर लोग घायल

**अमेठी, अमृत विचार :** गौरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूजी का पुरवा में दो पक्षों में ताबड़तोड़ लाठियां चलीं, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कंशराम की बकरी ने अनारा देवी के बबूल के पेड़ को खा लिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और बात मारपीट तक पहुंच गई। इस झड़प में कंशराम, गीता, सुशीला, रेनू, शिवा, अरुण, सूरज और करन सहित दोनों पक्षों की ओर से दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल इस मामले में थाना गौरीगंज में दोनों तरफ से शिकायती पत्र दे दिया गया है। पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

### 20 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**कमरौली, अमेठी, अमृत विचार :** मंगलवार को संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। उसकी पहचान सलीम (40) पुत्र सफीक, निवासी हिम्मतगढ़ मजरा दौलतपुर निसूरा थाना कमरौली जनपद अमेठी के रूप में हुई है। पुलिस ने जब सलीम की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

### आईटीआई गौरीगंज में अप्रेंटिस मेले का आयोजन

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गौरीगंज में अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि मेले में कुल 56 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। यह मेला एसएलएमजी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से आयोजित किया गया। मेले के दौरान कंपनी की प्रबंधन टीम द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, चयनित अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त होते ही उन्हें सूचित कर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस एक्ट के अंतर्गत नियमानुसार स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उनके तकनीकी कौशल का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के पूरे तुलसी मजरे अटौरा गांव में मंगलवार की अपराह्न करीब एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशकली (20) पत्नी सूरज निवासिनी पूरे तुलसी ने मंगलवार की अपराह्न एक बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे में पंखे के हुक में रस्सी बांध कर फांसी लगा ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामें की कार्रवाई के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष जुलाई माह में ही इनकी शादी हुई थी। गुरुबक्शगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ज्ञात होगा। तहरीर मिलने पर मामले की जांचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की ट्रामा सेंटर में मौत

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार :** रायबरेली–अयोध्या हाईवे पर शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मिल एरिया द्वारा क्षेत्र के पूरे कोलई मजरे मैनूपुर गांव निवासी राम शशि (19) पुत्र रामकरण व शोभित (17) पुत्र राजू स्कूटी से शनिवार की रात 10 बजे अमावा की ओर जा रहे थे। तभी तकिया चौराहे के पास पेट्रोल पंप के निकट खड़े एक ट्रक से स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई थी।

### बाइक जलाने का आरोप, केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली :** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के सरनजादपुर मजरे कुड़वल निवासी मोनू पासवान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर फतेह बहादुर का पुरवा निवासी ज्ञानेंद्र यादव और मोहित यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। मोनू पासवान ने बताया कि उसकी बाइक में बोलेरो में सवार उक्त दोनों लोगों ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी बाइक जलकर राख हो गई है। साथ ही बाइक में बैठे नीरज और एक अन्य को भी चोट आई है।

## अधिकारियों के खिलाफ प्रधानों ने किया प्रदर्शन

**ऊंचाहार, रायबरेली:** क्षेत्र के प्रधानों ने गांवों में विकास कार्यों में राजनैतिक दखल और अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया है। खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उचित कदम उठाने की मांग की है। प्रधानों का आरोप है कि सभी ग्राम पंचायतों के बिल फीडिंग व भुगतान के लिए मनरेगा गाइडलाइन समान रूप से अपनायी जाये। भुगतान से पूर्व व भुगतान के बाद, कार्यों की स्वीकृति के पहले व स्वीकृति के बाद कच्चे और पक्के कार्यों में परसेंटेज निर्धारण की प्रक्रिया क्या होती है उसको संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से सभी प्रधानों को समझाया जाए। उन गांव के बिल बाउचर सबसे पहले जांच करवाकर फीड कराए जाएं और जिन ग्राम पंचायतों में इन कार्यों की महती आवश्यकता है। इस मौके पर धनराज यादव, राजू यादव, नरेंद्र यादव, सुधीर गुप्ता, देशराज साईं, शिव मौर्य, पवन सिंह आदि रहे।

## पीस कमेटी की बैठक शांतिव्यवस्था पर दिया गया जोर

**बछरावां, रायबरेली:** मोहर्रम त्यौहार को लेकर बछरावां थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने त्यौहार को लेकर समीक्षा की। वहीं साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। वही अराजक तत्वों पर समाज के लोगों से निगरानी रखने के लिए आगाह किया। जिससे सभी लोग त्योहार मना सकें। कहा गया कि शांतिभंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मौके बछरावां नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह, उप निरीक्षक जीवन चंद्र जोशी, सभासद प्रतिनिधि नदीम मौजूद रहे।

# बारात घर निर्माण विवाद का हुआ पटाक्षेप

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार:** बारात घर निर्माण स्थल को लेकर हो रहे विवाद के पटाक्षेप का रास्ता साफ हो गया है। मंदिर कमेटी द्वारा बारात घर की दिशा बदलने की मांग पूरी हो गई। वही मंदिर कमेटी रामलीला चबूतरे को हटाने को भी राजी हो गई है।

बताते चलें कि विगत दिनों कस्बे के रायबरेली रोड स्थित हनुमान मंदिर के पीछे ऊसर की जमीन पर नगर पंचायत के बोर्ड प्रस्ताव से बारात घर निर्माण को एक करोड़ 95 लाख रुपए शासन से पास हुए। हनुमान मंदिर के पीछे स्थित जमीन पर बारात घर बनाए जाने पर आपत्ति करते हुए भाजपा संगठन एवं मेला कमेटी के लोगो द्वारा एसडीएम सचिन यादव को ज्ञापन देते हुए जमीन की पुनः पैमाइस कराने, बारात घर की दिशा बदलने एवं रावण दहन स्थल व रामलीला चबूतरे को बचाए जाने की मांग की गई। मामले को संज्ञान लेते हुए एसडीएम द्वारा ईओ राम आशीष वर्मा को विवाद के हल का रास्ता निकालने की जिम्मेदारी सौपी गई। मंगलवार को ईओ द्वारा सभासदो एवं आपत्ति कर्ताओ के समक्ष लेखपाल संतोष पटेल को बुला जमीन की पैमाईश करा बारात घर की दिशा दक्षिण-उत्तर कराई गई। जिस पर संतोष प्रकट करते हुए मेला कमेटी द्वारा चबूतरा हटाने पर सहमति जाहिर की गई। इस दौरान विवाद का स्थाई हल निकलने पर मेला कमेटी की सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी एवं पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष सूर्यप्रकाश वर्मा द्वारा ईओ राम आशीष वर्मा का लड्डू से मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर रामकुमार यादव, ऊषा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


ईओ का मुंह मीठा कराते मंदिर कमेटी के सदस्य।। अमृत विचार

# शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण की बताई विधि

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार:** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज बेनीमाधवगंज में चल रहे दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त और वर्तमान शिक्षकों अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और तकनीकों से परिचित कराकर उनके शिक्षण कौशल को बढा़ने और छात्रों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका को मजबूत किया।

इससे पहले प्रथम दिवस ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण की नई तकनीकों से अवगत कराना है। शिक्षक डॉ बैजनाथ विश्वकर्मा, केशव सिंह, रज्जन शुक्ला, त्रिभुवन बहादुर सिंह, सुरेश सिंह आचार्य, अशोक सिंह, कौशलेश त्रिवेदी, सुनील वर्मा व महेश शर्मा ने विचार व्यक्त किए। कहा कि प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन कौशल हासिल करने में मदद करता है। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों में नई चेतना, विकास,समझ और सहयोग गतिविधियों का विकास करना है। शिक्षक प्रशिक्षण से शिक्षण कौशल और शिक्षण दृष्टिकोण में सुधार होता है। साथ ही यह प्रशिक्षण,छात्रों को साक्षर और संख्यात्मक रूप से दक्ष बनाने में मदद करता है। शिक्षकों ने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अनुभवी शिक्षक छात्रों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर आचार्य सुरेश कुमार, कामता प्रसाद, त्रियोगी नारायण, नीरज यादव, प्रवीण, सुमित यादव, रमेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार शर्मा, भगवती, सुमित दीक्षित, कमल, विवेक तिवारी, बृजेश शर्मा, राज, विजय शंकर पांडेय, सीता, शिखा सिंह, नीतू सिंह, रिया, सोनाली राय, प्राची, मनीषा, रिचा आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद शिक्षकगण। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**खीरो, रायबरेली:** मंगलवार की शाम को थाना बैजनाथखेड़ा मजरे जसमऊ निवासी एक युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सीएचसी से मिली सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची। लेकिन परिजनों ने कोई कानूनी कार्यवाही करने से मना कर दिया तो पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। बैजनाथखेड़ा मजरे जसमऊ निवासी मृतक दिनेश लोधी (25) पुत्र रामसेवक की पत्नी रानी ने बताया कि दिनेश नशे का आदी था। मंगलवार को सुबह वह नशे के लिए घर में पैसे मांग रहा था। पैसे ना मिलने पर वह साइकिल लेकर कहीं चला गया। साइकिल गिरवी रख कर नशे की हालत में घर पहुंचा। दोपहर लगभग दो बजे उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी खीरों पहुंचाया। जिस समय दिनेश को गम्भीर हालत में सीएचसी खीरों लाया गया। डॉ राहुल घोष ने उसका प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी से बाहर निकलकर कुछ दूर जाने के बाद दिनेश की मौत हो गयी। एम्बुलेंस चालक उसे सीएचसी खीरों वापस ले आया। डॉ राहुल घोष द्वारा मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गयी। दिनेश की मौत से मां शिवनाथा, पिता रामसेवक, पत्नी रानी, पुत्र अतुल सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक नशे का आदी था।

# करंट से किसान और मजदूर की मौत

## खेत में सिंचाई करने गए थे, ट्यूबवेल के स्टार्टर में आ रहा था करंट, परिजन बदहवास

दर्दनाक

संवाददाता, सतांव, रायबरेली

**अमृत विचार:** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे उम्मेद मजरे देदौर गांव में सोमवार की शाम खेत की सिंचाई करने गये किसान और मजदूर की बिजली के करंट की चपेट में आ गए। इससे दोनों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पूरे उम्मेद गांव निवासी राधेश्याम चौधरी (63) पुत्र स्व. लालता प्रसाद का अपने खेत में स्वयं का ट्यूब्वेल है। सोमवार की देर शाम वह धान की फसल लगाने के लिए मजदूर संतलाल (35) पुत्र रतीपाल रैदास निवासी लोहरामऊ थाना सदर कोतवाली के साथ ट्यूबवेल चलाने गया था। ट्यूबवेल के स्टार्टर में करंट आ जाने के कारण राधेश्याम चपेट में आ गया।

आशंका जताई जा रही है कि राधेश्याम को बचाने के चक्कर में मजदूर संतलाल करंट की चपेट में आ गया। इससे दोनों झुलस गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारजनों द्वारा दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलने से परिजन रो-रोकर बेहाल है। वहीं गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

ग्रामीणों के मुताबिक संतलाल काफी समय से राधेश्याम के घर पर ही रहता था। इसके अलावा किसी को कुछ पता नहीं है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

### चाचा और मजदूर को बेहोश देख भतीजे की हालत बिगड़ी

मृतक राधेश्याम चौधरी और उनके चचेरे भाई रामबली चौधरी सम्मिलित परिवार के रूप में एक ही घर में रहते थे। सोमवार की देर शाम तक जब राधेश्याम घर नहीं लौटे तो उनका भतीजा दिलीप उन्हे देखने ट्यूबवेल पर गया। वहां पर जब उसने अपने चाचा और मजदूर को गम्भीर अवस्था में झुलसा पाया तो घबड़ा गया। उसके अचानक सीने में दर्द होने लगा और गिर पड़ा। आनन-फानन में तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां राधेश्याम और संत लाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दिलीप की हालत गम्भीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। मृतक राधेश्याम की पत्नी सरस्वती (60) और शादीशुदा बेटी रीना का रो रो कर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे परिवार पर मानों आफत टूट पड़ी हो।

# बसिगवां में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सतांव, रायबरेली:** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के चिरौंजी का पुरवा मजरे बसिगवां गांव में सोमवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक वह शराब का आदी था। किसी बात को लेकर पत्नी से नाराज हो गया था। चिरौंजी का पुरवा गांव निवासी प्रकाश (33) पुत्र माता प्रसाद शराब के नशे का आदी था। सोमवार की देर शाम खानें को लेकर पत्नी सुनीता से कुछ कहासुनी हो गई, जिसके बाद प्रकाश ने घर के पीछे यूकेलिप्टिस के पेड़ से साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। प्रकाश देर रात तक जब घर वापस नही आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कुछ देर बाद देखा तो प्रकाश फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रकाश की मौत के बाद पत्नी सुनीता, बेटी काजल, पुत्र रौनक का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चलती ट्रेन से उतरने के दौरान पटरियों पर गिरा युवक, मौत

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली



**अमृत विचार:** चलती ट्रेन से उतरते समय अचानक पैर फिसल जाने से युवक गिर गया। आसपास लोक कुछ समझ पाते वह प्लेटफार्म से नीचे पटरियों के बीच में चला गया। इससे ट्रेन के नीचे चला गया जिससे उसके दोनों पर कट गए। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह उसे बाहर निकाला गया। जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत डलमऊ के आदर्श नगर मोहल्ला निवासी राजू लोधी का 22 वर्षीय पुत्र शिवा लोधी राजस्थान में रहकर पढ़ाई और पार्ट टाइम जॉब करता था। मंगलवार को वह ट्रेन से घर आने के लिए रायबरेली पहुंचा। वहां से उसने रायबरेली से रघुराज सिंह जाने वाली ट्रेन शटल में डलमऊ के लिए सवार हो गया। डलमऊ जंक्शन पर ट्रेन से उतरते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे चला गया। इससे उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद वहां पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उसे बाहर निकाला। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# परशदेपुर मार्ग पर गड्ढों से चलना दुश्वार

सलोन, रायबरेली



सलोन-परशदेपुर मार्ग पर बने गड्ढे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के सलोन परशदेपुर, जायस मार्ग पर अत्तानगर मोड़ के समीप लगभग दो सौ मीटर सड़क बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। जगह-जगह गड्ढे होने से पानी भर गए है, जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। राहगीर गड्ढों से बचने के लिए वह विपरीत दिशा से होकर निकलना उनकी मजबूरी बन गयी है। जिससे भारी वाहन डंपर, ट्रक आदि से दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है।सड़क खस्ताहाल होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने विभाग के अधिकारियों को समाधान दिवस में सड़क के जर्जर होने की बात कही। परन्तु आज तक स्थानीय लोग सड़क पर ईट डालकर गड्ढों को पाटकर किसी तरह काम चला रहे है। सड़क के किनारे बनी पटरियों को ही राहगीरों ने सड़क समझकर लोगों ने अपना रास्ता खुद ही बना लिया है। स्थानीय द्वारिका प्रसाद, चुन्ना कुरेशी, समरजीत, कृष्ण कुमार, संदीप यादव, चरन जीत सिंह आदि लोगो ने जल्द से जल्द सड़क का मरम्मतीकरण कराए जाने की मांग की प्रशासन से की है। इस संबंध में एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने की जानकारी दी है। बहुत जल्द विभाग के लोगों को जानकारी दी जायेगी।

# सपा नेता को मिली सरेनी की जिम्मेदारी

**लालगंज, रायबरेली:** पहाड़ीपुर मजरे बहाई गांव निवासी जयप्रकाश उर्फ जेपी यादव को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जिले की सरेनी विधानसभा का पार्टी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके पूर्व राम नाथ यादव सरेनी विधानसभा अध्यक्ष थे। उनके निधन से पद रिक्त था। जेपी यादव सरेनी विधानसभा के महा सचिव भी रह चुके हैं। जेपी यादव ने कहा कि मिली दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करुंगा। उनके मनोनयन पर विधायक राजा देवेंद्र प्रताप सिंह, दिव्यांबर सिंह, योगेश यादव, अमित यादव, घनश्याम यादव, शिवशंकर यादव, लक्ष्मी शंकर यादव, लॉरेंस यादव आदि ने खुशी जताई है।

# सड़क हादसे में साले की मौत, बहनोई की हालत गंभीर

शिवगढ़, रायबरेली



मृतक गया प्रसाद।



सड़क हादसे में मृत गया प्रसाद के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अंतर्गत हैदरगढ़ - महराजगंज हाईवे पर स्थित दरियागंज मोड़ के समीप कार ने बाइक में टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार साले-बहनोई गम्भीर रुप से घायल हो गए। इसमें साले की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गम्भीर रूप से घायल बहनोईर हालत चिंताजनक बनी हुई है। सीएचसी महराजगंज से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे की है। शिवगढ़ नगर पंचायत के माधव खेड़ा के रहने वाले 32 वर्षीय गया प्रसाद रावत पुत्र रामदुलारे और उनका चचेरा बहनोई अजय कुमार निवासी सतरही गढ़ी, थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी एक ही बाइक से ग्राम पासिन का पुरवा तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से वापस लौट रहे थे, तभी दरियागंज मोड़ के पास एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे गया प्रसाद की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसके बहनोई अजय कुमार का एक पैर बुरी तरह से कुचलने से वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक गया प्रसाद के शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गम्भीर रूप से घायल अजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। गया प्रसाद की मौत से उसकी पत्नी पिंकी, 20 वर्षीय बेटी प्रिया, 18 वर्षीय बेटे प्रशांत, 16 वर्षीय बेटे प्रभात, 14 वर्षीय बेटे विक्रांत का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की जानकारी होते ही माधव खेड़ा में कोहराम मच गया। परिजनों के करुण क्रन्दन से समूचा माधव खेड़ा कराह उठा। पुलिस ने कार और बाइक को कब्जे में लेने के साथ ही कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीडीओ ने समस्याओं के निस्तारण की मांगी आख्या

**रायबरेली, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने ग्राम चौपालों में आई शिकायतों के निस्तारण की रिपोर्ट सभी खंड विकास अधिकारियों से मांगी है। कहा है कि माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर, की तिथियों में संबंधित ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले 'ग्राम चौपाल' से संबंधित रोस्टर के अनुसार निर्धारित तिथियों में ग्राम चौपाल का आयोजन सुनिश्चित करायें। उपरोक्त माहों के निर्धारित तिथियों में ग्राम चौपाल के आयोजन का रोस्टर सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों को स्वयं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अधिकारी ने कहा ग्राम चौपाल के आयोजन के उपरांत संबंधित ग्रापं की चौपाल रजिस्टर का अवलोकन करने के बाद बीडीओ अपने पर्यवेक्षण में प्रगति सूचना उसी दिन रूरल सॉफ्ट पर फीड कराया जाना अनिवार्य है। चौपाल के उपरांत निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त समस्याओं एवं उनके निस्तारण की आख्या एवं रूरल सॉफ्ट पर प्रगति फीड कराये जाने विषयक प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये।

# महिला को अगवा करने का प्रयास, खाई में गिरी बोलेरो

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली



खाई में गिरी बोलेरो। अमृत विचार



बोलेरो में घसीटने से लगी आग से जली बाइक को देखते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के धौकल का पुरवा मजरे देवगांव के पास एक महिला को अगवा करने का प्रयास का मामला सामने आया है। महिला के चीख पुकार मचाने से बोलेरो सवार युवक भागने लगे। इसी दौरान बोलेरो को रोकने के प्रयास में बाइक फंसते हुए करीब पांच सौ मीटर तक घसीटती चली गई। इससे उसमें आग लग गई। वहीं बोलेरा अनियंत्रित होकर खाई में चली गई। घटना के बाद सभी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पूरे धौकल मजरे देवगांव निवासी प्रिया अपने बच्चे और पति कमलेश यादव के साथ बाइक से लालगंज दवा लेने जा रही थी। तभी गांव के बाहर सड़क पर बोलेरो सवार दो युवकों ने प्रिया को जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास करने लगे। प्रिया के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों को आते देख बोलेरो सवार युवकों ने ऐहार की तरफ से भाग निकलने का प्रयास किया। तभी रेलकोच से नौकरी कर कमलेश यादव के घर के ही नीरज यादव वापस घर आ रहे थे। कमलेश ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी तो उन्होंने बोलेरो का पीछा करने लगे। ऐहार गांव में सुंदर पान भंडार के सामने बोलेरो के आगे होकर बाइक सड़क पर खड़ी कर उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन बोलेरो को रुकने को कौन कहे वह बाइक को घसीटते हुए 500 मीटर ले गये जहां पर बाइक में आग लग गई। पीड़िता ने बताया कि फतेह बहादुर का पुरवा थाना गुरबक्शगंज निवासी सर्वेश पुत्र अमरपाल उसको आए दिन फोन करता है और प्रेम प्रसंग की बातें करता है। उसकी फोटो भी सोशल साइट में डाल दिया है। उसी ने उन लोगों को उसे अगवा कर लाने के लिए भेजा था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सर्वेश सहित मोहित यादव और ज्ञानेंद्र यादव निवासी फतेह बहादुर सिंह का पुरवा के खिलाफ अपहरण के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### जहरीले जंतु के काटने से बालक की हालत गंभीर

**सतांव, रायबरेली :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के ओनई गांव निवासी मो. सईद की सात वर्षीय बेटी माहेरा को मंगलवार की सुबह तड़के सोते समय किसी जहरीले जन्तु ने डस लिया। माहेरा के चिल्लाने पर उसके पिता ने उठकर देखा तो कुछ नजर नही आया। बच्ची की हालत बिगड़ता देख परिवारजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया।

### पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली :** जिले के कई थानों में दर्ज आपराधिक मुकदमों के एक वांछित अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहनगंज निवासी राहुल पुत्र राम दयाल पर महराजगंज थाने सहित शिवगढ़, मिल एरिया व गुरुबख्शगंज में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिस पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही भी की गई है। वांछित की काफी दिनों ने तलाश की जा रही थी जिसे मंगलवार को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### भरभराकर गिरी कच्ची दीवार, मलबे में दबे दो मजदूर



महराजगंज सीएचसी में भर्ती घायल।। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली :** छप्पर में सहारे के लिए बल्ली लगाते समय भरभराकर गिरी कच्ची दीवार में दबकर दो मजदूर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। क्षेत्र के इशागंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी छोटेलाल मंगलवार सुबह अपने घर की कच्ची दीवार पर रखे छप्पर में बल्ली (थूनी) लगा रहे थे। तभी दीवार गिर गई। दीवार गिरने से छोटेलाल व सेमरहा निवासी रामू (34) दोनों मलबे दब गए।

### मांगें पूरी न होने पर भाकियू ने की महापंचायत



डलमऊ ब्लॉक परिसर में आयोजित महापंचायत में मौजूद किसान नेता।

**डलमऊ, रायबरेली :** भाकियू ने पूर्व में दी गई किसानों की समस्याओं का निराकरण न होने पर मंगलवार को डलमऊ ब्लाक परिसर में महापंचायत की। यहां भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियां ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। किसान नेताओं ने नारेबाजी की। उप जिलाधिकारी और तहसीलदार के न होने की सूचना मिलते ही प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार लालगंज शिवम सिंह राठौड़ और कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल मौके पर पहुंचे और काफी मनमनोवल के बाद किसानों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान किसानों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संतोष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, कुंवर बहादुर, राम प्रसाद, अजमेर सिंह, जितेंद्र गांधी, राम सजीवन विश्वकर्मा आदि लोग शामिल थे।

### बाढ़ की संभावना पर प्रशासन सतर्क, 26 को मॉकड्रिल

**रायबरेली, अमृत विचार :** बारिश के मौसम के साथ ही गंगा नदी से जुड़े क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत बचाव कार्य की तैयारियां शुरू कर दी है। जनपद में 26 जून को तहसील लालगंज और डलमऊ में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने इसके लिए एनआईसी रायबरेली में टेबल टॉप एक्सरसाइज में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मॉकड्रिल रणनीति पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसील लालगंज में कोटिया एहतमाली और डलमऊ में गंगा घाट(बीआईपी घाट) पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी इन क्षेत्रों का लगातार दौरा भी कर रहे है। मॉकड्रिल में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पुलिस, पीएससी, राजस्व, स्वास्थ्य, बिजली, अग्निशमन, आपातकालीन सेवा तथा पशु चिकित्सा विभाग के अलावा अन्य विभाग भी शामिल होंगे।

# शिक्षक ही विद्यार्थियों का भाग्य विधाता

संवाददाता, रायबरेली



तीन दिवसीय शैक्षिक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में सम्मानित प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार में चल रहे तीन दिवसीय शैक्षिक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हो गया। मुख्य अतिथि एनटीपीसी परियोजना के मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा डे शर्मा एवं विद्यालय के प्रमुख डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि किस प्रकार से आज की शिक्षा में नवाचार के माध्यम से छात्रों का विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्योंकि छात्र ही देश का भविष्य है और छात्रों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी एक शिक्षक के कंधों पर होती है। विद्यालय के प्रमुख डॉ. डीके मिश्रा ने शिक्षकों के कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इससे शिक्षकों के ज्ञान का परिमार्जन तो होता ही है। साथ ही कार्यशाला के माध्यम से उनका ज्ञानवर्धन भी होगा, जिससे उन्हें अपना शैक्षिक स्तर को बढ़ाने में सहयोग में मिलेगा। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल झांसी, डीएवी पब्लिक स्कूल कानपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल अनपरा और मेजबान के रूप में डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार के 49 शिक्षकों ने प्रतिभाग जिन्हें 12 मुख्य प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षित किया। तीसरे दिन के प्रथम सत्र एनटीपीसी के सहायक महाप्रबंधक सत्यवान गुप्ता ने साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी पर विस्तार से सभी को बताया कि हमें किस प्रकार से इंटरनेट का प्रयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। समापन सत्र में एनटीपीसी के मानव संसाधन विभाग के उप महाप्रबंधक विनायक शा ने सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला में प्रतिभाग का प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया। विद्यालय प्रमुख डॉ. डीके मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी इससे इस कार्यशाला से अर्जित कौशलों से न सिर्फ अपने विद्यालय विद्यालय में अपितु यूपी जोन -ई के समस्त विद्यालयों विद्यालयों के विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे। जिससे ना सिर्फ उनके शैक्षिक विकास के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास भी संभव होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**रायबरेली, अमृत विचार:** कोर्ट ने अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में करीब तीन साल पहले नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी को पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित पॉक्सो कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश राम नेत ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) वेदपाल सिंह व योगेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाना शिवरतनगंज में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 27 अगस्त 2021 की दोपहर वादी की करीब सात वर्षीया बेटी बकरी चराने गई थी। इसी दौरान इमरान ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। विवेचना के बाद पुलिस ने शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सातन पुरवा निवासी इमरान अंसारी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। अदालत ने दोनों पक्षों को की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी को कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।



दुर्गापुर में कब्जा दिलाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम। अमृत विचार

### डीएम के निर्देश पर महिला को दिलाया कब्जा

**डलमऊ, रायबरेली :** तहसील क्षेत्र के दुर्गापुर की विजय कुमारी ने जिलाधिकारी से समाधान दिवस पर जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई थी। बीते शनिवार को जिलाधिकारी डलमऊ तहसील सभागार में समाधान दिवस पर जनसुनवाई कर रही थी। इसी दौरान विजय कुमारी ने मौके पर पहुंचकर बताया कि उन्होंने सूरजपुर बनापार में जमीन का बैनामा कराया था। नामांतरण की कार्रवाई हो जाने के बाद भी उन्हें कब्जा नहीं मिल पा रहा है। डीएम हर्षिता माथुर ने उप जिला अधिकारी डलमऊ एवं क्षेत्राधिकारी डलमऊ को महिला के मामले की जांच कर कर कब्जा दिए जाने का निर्देश दिया था मंगलवार को राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ डलमऊ पुलिस ने सूरजपुर बनापार के दुर्गापुर गांव पहुंचकर महिला को जमीन की पैमाइश कर कब्जा दिलाने की कार्रवाई की है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि महिला की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

# धरातल पर नहीं दिख रहा भाजपा का विकास कार्य : विधायक

शिवगढ़, रायबरेली



शिवगढ़ में जोनल स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों की जोनल स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता सपा के शिवगढ़ ब्लाक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल की। जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में बछरावां विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी ने क्षेत्र के सभी सेक्टर तथा बूथ प्रभारियों की समीक्षा की।

जिलाध्यक्ष इंजी. वीरेंद्र यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता समय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पूरी ऊर्जा एवं निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी के प्रति अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हम सबका लक्ष्य 2027 में यूपी में सपा का परचम लहराना है। वहीं क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता सपा का सच्चा सिपाही है जिसने पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। वहीं जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी ने कहा कि क्षेत्र में आरटीआई कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, ओसाह और बेड़ारु में पावर हाउस सपा की देन है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास का डंका तो पीटती है किन्तु धरातल पर कहीं भी विकास कार्य दिखाई नहीं पड़ रहा। सूबे की सरकार में अधिकारी सभी बेलगाम हो चुके हैं, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है, 2017 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। इसी क्रम में बछरावां ब्लॉक महामंत्री देवतादीन पासवान, युवजन सभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत, भानु प्रकाश पटेल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान हितैषी होने का ढिढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार में धान की नर्सरी का समय निकल गया। धान की रोपाई शुरू हो गई है किन्तु नहरों में अभी भी पानी की जगह धूल उड़ रही है। इस मौके पर जिला प्रभारी अशोक यादव, राजेश यादव, नितेश यादव राजेश मौर्या, भुवन लोहिया, रज्जन पटेल, अंकित वर्मा, मुनेश्वर रावत, पवन मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जन:।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट। सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़खरुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफ़ॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

**-फेसबुक वॉल से**

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्लावामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्लावामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### सुनी लोगों की समस्याएं बनवाए आयुष्मान कार्ड

**हरदोई, अमृत विचार।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। मंगलवार को जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने कुल 139 शिकायतों को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनाई। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाये गए। मंगलवार को जन सुनवाई के दौरान कुल पांच आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने के मामले में पीड़ित पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 23 जून को उसकी तेरह वर्षीय पुत्री को शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज कस्बा निवासी शिवम पुत्र नन्हे फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रीति श्रीवास्तव बनीं प्रधान न्यायाधीश, जौनपुर भेजी गईं

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद में कार्यरत अपर जिला जज न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक प्रीति श्रीवास्तव की पदोन्नति हो गई है, उन्हें प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट बनाया गया है और उनका स्थानांतरण जनपद जौनपुर के लिए किया गया है। इसके साथ ही यहां कार्यरत अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल को यही विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट बनाया गया है, जबकि विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट योगेंद्र चौहान को यहां विशेष न्यायाधीश अपर जिला न्यायाधीश बनाया गया है।

### समीक्षा बैठक 26 को

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला टास्क फोर्स प्रतिरक्षण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 जून को अपरान्ह 3 .30 बजे विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई है।

# साफ-सफाई व विकास कार्यों के नाम पर हो रही केवल धन की बंदरबांट

समय तिवारी, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड भरावन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है मुख्य मार्ग से लेकर गांव की गलियों में कहीं कूड़ा पड़ा है तो कही नाली का पानी सड़को पर बहुत रहा है तो कही नालियों में भरा गन्दा कूड़ा। ग्रामीणों का कहना है सफाई कर्मी कौन है ये तक नहीं पता देखने तक न आते। बरसात के दिनों में गांवों से बिल्कुल भी निकल नहीं सकते ग्रामीण स्वयं नालियों को साफ करते हैं, सफाई कर्मी कार्यालय तक ही बने रहते हैं। सफाई व्यवस्था को दूर करने के लिये गांव में डेस्टबिन, कूड़ा घर, कूड़ा गाड़ी पर लाखों रुपये खर्च कर दिये सब शोपीस पड़े, सफाई कर्मी गांव तक जाते ही नहीं गांवों का हाल बदहाल है। बीमारियां फैल रही हैं। बरसात के समय में और अधिक समस्या होती है।

**केस 1** भरावन के भटपुर गांव में जगह जगह नालियो से पानी सड़को की ओर बह रहा, जबकि भटपुर बड़ी ग्राम पंचायत है सफाई कर्मी वहां तक जाते ही नहीं। लाखों लगाए गए सफाई के लिये सब ध्वस्त है, जबकि इसी गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र, दो बैंक संचालित होते है रोजाना हजारों ग्रामीण दूर दूर से आते है।

**केस 2** भरावन ब्लॉक की बड़ी ग्राम पंचायत अतरौली कस्बे के अंदर चारो तरफ गंदगी कीचड़ ही कीचड़ ग्रामीणों क़ो निकलने में होती है परेशानी। कही पर नालिया बदहाल तो कही पर अंदर की सड़को में भरा पानी जिम्मेदार पूरी तरह से मौन है। कस्बे के अंदर से होकर सैकड़ो छात्र आईटीआई कॉलेज जाते है।

**केस 3** ग्राम पंचायत मांझगांव के छतिहा में सफाई कर्मी कभी नहीं जाते है ग्रामीणो ने कई बार शिकायत भी की पुरे गांव में नालिया ध्वस्त है गंदगी सड़को पर जमी है। सामान्य दिनों में भी गांव के अंदर जाना दूभर हो जाता है।


ग्राम पंचायत अतरौली कस्बे के मुख्य मार्ग का हाल।


ग्राम पंचायत भटपुर कस्बे के अंदर का हाल। अमृत विचार



विकास खण्ड भरावन कार्यालय के बाहर टूटा पड़ा कूड़ा दान।

### महीनों से टूटा पड़ा है कूड़ादान

भरावन विकास खंड कार्यालय कर बाहर लगा कूड़ा दान कई महीनों से पूरी तरह टूटा पड़ा है। गंदगी के लिये लाखों खर्च किये गए हर जगह यही हाल कही कूड़ा दान टूटा तो कहीं कूड़ा घर अधूरा, गांव गांव गंदगी बनी हुई है सफाई कर्मी विकास खंड कार्यालय के ही बने रहते है।

# पेड़ से भिड़ी कार, अधेड़ की मौत व चार घायल

## लखनऊ से दवा लेकर लौट रहा था परिवार, सीतापुर रोड पर काकूमऊ के पास हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ से वापस लौट रही कार सड़क के किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई,जिसमें अधेड़ की मौत हो गई,जबकि उसका दामाद-बेटी और दो भतीजे बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। अधेड़ लखनऊ से अपनी बीमार पत्नी की दवा लेकर लौट रहा था। घायलों को मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

टड़ियावां थाने के भड़ायल निवासी राजेश सिंह (50) की पत्नी रेखा सिंह बीमार चल रही है। राजेश सोमवार को गांव निवासी अपने दामाद निशांत सिंह (28), बेटी शिवप्रिया (26) के अलावा साढ़ू मनोज सिंह निवासी भीठादान थाना बघौली के 13 वर्षीय पुत्र समर और दूसरे साढ़ू राजेश्वर सिंह




निवासी बिलालपुर शाहाबाद के पुत्र ऋषभ (15) के साथ कार से दवा लेने लखनऊ गए हुए थे। देर रात लौटते समय रास्ते में सीतापुर रोड पर काकूमऊ के पास कार अचानक बेकाबू होकर सड़क के किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई, जिससे राजेश सिंह की वहीं मौत हो गई, जबकि दामाद निशांत सिंह, बेटी शिवप्रिया और भतीजे समर व ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, वहां से लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच शुरु कर दी है।

### मौसा के घर दोनों भतीजे मना रहे थे छुट्टियां

भीठादान का समर और बिलालपुर का ऋषभ गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए अपने मौसा राजेश सिंह के घर आए हुए थे। सोमवार को राजेश ने कार से लखनऊ जाने की बात कही, समर और ऋषभ भी साथ चलने को तैयार हो गए। हादसे का पता होते ही दोनों के बेहाल हुए घर वाले मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत व साथी घायल

**हरदोई, माधौगंज, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार बाइक नवीन गल्ला मण्डी के सामने खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे उस पर सवार दो दोस्त बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, जहां एक की मौत हो गई, दूसरे का इलाज चल रहा है। सोमवार को सुरसा थाने के सहजन खेड़ा निवासी 20 वर्षीय रवि पुत्र रामाश्रय अपने 21 वर्षीय दोस्त कमल पुत्र जियालाल के साथ बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। देर रात नवीन गल्ला मण्डी माधौगंज के गेट के सामने ट्रक खड़ा हुआ था, रवि की बाइक उसी में जा घुसी, जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह ज़ख्मी हो गए, जिन्हे आनन-फानन में एम्बुलेंस-108 से सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही रवि की मौत हो गई, जबकि कमल का इलाज चल रहा है। माधौगंज पुलिस ने रवि के शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कन्नौज मार्ग पर परसोला गांव के पास कार और बाइक की टक्कर में दो सगे भाई घायल हो गए। घायलों की पहचान खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के बघरेटी गांव निवासी शिवम सिंह (22) और सचिन सिंह (20) पुत्र रामवीर सिंह के रूप में हुई। शिवम ने बताया कि वह अपने छोटे भाई सचिन को बाइक से कानपुर इंगजाम दिलाने जा रहा था। इसी दौरान परसोला गांव के पास कन्नौज मार्ग की ओर से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक कार में जा घुसी। हादसे में दोनों भाई घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल भाइयों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वर्तमान में चिकित्सकों द्वारा दोनों का इलाज किया जा रहा है।

# अचानक ढही कच्ची दीवार नीचे दबकर युवक की मौत


रोते-बिलखते परिजन व मृतक श्रीप्रकाश की फाइल फोटो (इनसेट में)।

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर रुदौली गांव में कच्ची दीवार के कोने की मिट्टी गिरने से फेरी लगाकर बर्फ बेचने वाले की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर रुदौली गांव निवासी श्रीप्रकाश भुर्जी 45 वर्ष मिश्राखेड़ा चौराहा से तिरपाल खरीदकर घर की कच्ची दीवाल के पास बैठकर पास खड़े गांव निवासी ही सोबरन से बात कर रहा था। उसी समय कच्ची दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई, जिससे श्रीप्रकाश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। श्रीप्रकाश के परिवार में पत्नी बिट्टा देवी, पुत्री रीतू, सुनाली, दिव्यांशी, पूजा, पुत्र करन व अंश हैं। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार एजाज अहमद ने बताया कि मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की गई है। प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह ने बताया कि मृतक के भाई नत्था की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए संडीला भेज दिया गया है।

# जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लगी रही भीड़

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक मुख्यालय पर एक वर्ष से अधिक बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर 24 जून से शिविर की शुरुआत की गई है, जिसमें बड़ी तादाद से आए हुए लोग अपने अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में जुटे हुए हैं।

बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अभिभावकों को काफी दौड़ भाग करनी पड़ती थी जिसकी वजह से उनका आधार कार्ड नहीं बन पाता था जिसके लिए स्कूलों में एडमिशन होने में दिक्कत होती थी। बच्चों के अभिभावकों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने ब्लॉक मुख्यालय पर चार दिवसीय शिविर का आयोजन की शुरुआत कर दी है। नायब तहसीलदार सवायजपुर राजेश पटेल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में बड़ी तादाद से आए हुए लोग अपने-अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में जुटे हुए हैं इस मौके पर खंड अधिकारी उदयवीर के अलावा ब्लॉक के सभी ग्राम विकास और ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।


शिविर में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाते लोग। अमृत विचार

### विकास खंड सुरसा पर मायूस हुए आवेदक

**सुरसा।** जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद 12 बजे सभागार खोला गया। तब तक आवेदक अपने छोटे बच्चे के साथ धूप में भटकते रहे। एक फरियादी ने जब एडीओ पंचायत से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से सचिवों को आना है, आने में देर तो हो ही जाती है। शिविर स्थल पर पेयजल तक की व्यवस्था नहीं थी। प्रमाण पत्र बनवाने वाले किसी को नोटैरी के लिए जिला मुख्यालय के लिए दौड़ लगवा रहे तो किसी को किसी प्रपत्र के लिए अधिकांश आवेदक पहले दिन मायूस लौट गए। निजी विद्यालयों के लोग कैंप में हावी रहे। वहीं कुछ दलाल भी कैंप सक्रिय रहे। कुल मिलाकर जिलाधिकारी की मंशा यहां पूरी होती नहीं दिखाई दी।

# 8 लाख के गबन का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** एलटी फाइनेंस कंपनी के ऋण वसूली कर्मचारी द्वारा 23 बकायेदारों से वसूली कर उन्हें फर्जी रसीद देकर रुपए का गबन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



17 अप्रैल को सुनील गुप्ता प्रबंधक एलटी फाइनेंस कम्पनी द्वारा न्यायालय में की गई फरियाद के बाद न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी कम्पनी कम ब्याज दर पर ट्रैक्टर क्रय करने के लिये ऋण देने का कार्य करती है। कम्पनी द्वारा गौरव कुमार पुत्र राजेश कुमार दीक्षित निवासी ग्राम सहादतनगर थाना पिहानी को ऋण वसूली हेतु कम्पनी में नियुक्त किया गया था, परन्तु गौरव द्वारा 23 ग्राहकों से 8 लाख 69 हजार रुपए की ऋण वसूली कर कूटरचित रसीद दे दी गई तथा जो रुपया ऋण की वसूली के रुप में लिया गया वो रुपया कम्पनी में जमा नहीं किया गया। इस संबंध में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। क्राइम इंस्पेक्टर शिव गोपाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार के कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप



राजकीय कृषि बीज भंडारे में बीज लेने के लिए बैठे किसान। अमृत विचार

### किसानों को बीज लेने में हो रही परेशानी

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** राजकीय कृषि बीज भंडार किसानों के लिए मजाक बना हुआ है। इस केंद्र में मक्का, धान, मूंगफली, बाजरा आदि बीजों को लेने के लिए किसानों को हो रही मुश्किलें हो रही है। समय से बीज न मिलने से किसानों की बुवाई हो रही लेट हो रही है। दर्जनों किसान रोजाना चक्कर काटने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है। बताते चलें कि मक्का व मुंगफली का बीज राजकीय कृषि बीज भण्डार के आए दिन चक्कर काटकर किसान परेशान हो रहे हैं। किसान द्रगपाल सिंह म्यौनी, रामशरण धनिकापुर, राम आसरे, दीपू तिवारी जल्लामऊ, जंग बहादुर सिंह महुरा, रतीराम, चेतराम धनिकापुर ने बताया कि कहीं नेटवर्क नहीं तो कहीं पोर्टल नहीं चल रहा है। प्रभारी प्रमोद विक्रम ने बताया शासन के द्वारा पोर्टल की आईडी बंद कर दी गई, जिसके कारण किसानों को बीज प्राप्त नहीं हो रहा है।



फायर स्टेशन पर पौध लगाते छात्र। अमृत विचार

### बिलग्राम फायर स्टेशन पर स्कूली बच्चों ने लगाए पौधे

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के अग्निशमन केंद्र में डीपीएसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर अग्निशमन केंद्र के प्रभारी अधिकारी अशोक कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। फायरमैन अमन द्विवेदी, दीपक कुमार और आशीष कुमार भी शामिल हुए। स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ वृक्षारोपण में हिस्सा लिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि पौधारोपण आज की जरूरत है। उन्होंने पेड़ों की कटाई रोकने की अपील की। कहा कि कार्यक्रम पर्यावरण जागरूकता का एक सकारात्मक प्रयास है।

### 5 जुलाई तक सड़कों के गड्ढे भराएं जाएं: सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु प्रारम्भ हो चुकी है। विभिन्न कारणों से यथा हाईवे निर्माण, सम्पर्क मार्ग निर्माण, भट्ठे के लिए मिट्टी निकास एवं अन्य विकास कार्यों हेतु मिट्टी निकास के कारण बस्तियों के आस-पास एवं सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं, जिनमें जल भराव होने से बच्चों एवं मवेशियों के डूबने से जनहानि होती है, जो अत्यंत ही दुखद है। इस स्थिति से बचाव हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक एवं प्रभावी प्रयास करके दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

### युवती सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र से डेढ़ माह पूर्व बहला फुसलाकर भगाई गई युवती को पुलिस ने सकुशल बरामदकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। 7 मई को युवती की मां ने थाना शाहाबाद पर तहरीर दी कि अभियुक्त पप्पू निवासी हैबतपुर थाना शाहाबाद उसकी पुत्री को फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया गया।

### दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहाते समय युवक डूबा, देर रात तक जारी रही तलाश

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** युवक चंडीगढ़ से अपने दोस्तों से मिलने आया था। वह दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहा रहा था, उसी बीच गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था। लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। भिठाई गांव निवासी शिव कुमार सक्सेना का चंडीगढ से आया उसका 20 वर्षीय दोस्त कामता निवासी रसूलपुर थाना कासिमपुर के अलावा सनी, राहुल और सलमान सोमवार को उसके घर आए हुए थे। मंगलवार की शाम सभी शारदा नहर में नहाने पहुंचे, उसी बीच अचानक कामता पानी के तेज़ बहाव के साथ बह गया। उसे डूबते हुए नहर में नहा रहे उसके दोस्त बाहर निकल कर चिल्लाने लगे। शोर सुन कर वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस के साथ तमाम ग्रामीण उसे तलाशने लगे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला, उसके बाद गोताखोरों को बुलाया गया। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू चल रहा था, लेकिन कामता का कुछ भी पता नहीं चल सका था। एसएचओ माधौगंज विजय कुमार ने बताया कि गोताखोरों की टीम बराबर उसे ढूंढ रहीं है, साथ ही नहर की घेराबंदी कर दी गई है।

# बच्चों ने पास की श्रेष्ठ परीक्षा, बढ़ाया मान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक स्कूल आगमपुर के तीन छात्र छात्राओं ने शासन की 2025 की श्रेष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों और गुरुजनों का सम्मान बढ़ाया है। अब इन तीनों छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश दिलाकर कक्षा 9 से कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी।

उच्च प्राथमिक स्कूल आगमपुर के छात्र निराला वर्मा, प्रियांशी और शैलेंद्र कुमार ने शासन द्वारा संचालित श्रेष्ठ परीक्षा 2025 में प्रतिभाग किया था। जिसमें तीनों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के विज्ञान अध्यापक होरीलाल राजपूत ने बताया शासन से इन तीनों बच्चों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराकर मुफ्त शिक्षा प्रदान करावेगी। होरीलाल राजपूत ने बताया तीनों बच्चे स्कूल के होनहार बच्चे हैं। उन्होंने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि परीक्षा में सफलता मेहनत से मिलती है, जो बच्चे परीक्षा में सफल नहीं हो पाए वह आने वाली परीक्षा की तैयारी करें और अपना मनोबल न गिराये और मेहनत से पढ़ें। सफलता हंड्रेड परसेंट मिलेगी। उन्होंने कहा कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है इसलिए लगातार चींटी की तरह पहाड़ पर चढ़ने का प्रयास करते रहिए सफलता हरहाल में आपके कदम चूमेगी।


छात्र निराला वर्मा।


प्रियांशी।


शैलेंद्र कुमार।

**आयोजन** — सरस्वती शिशु मंदिर शिशु वाटिका समारोह में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मन मोहा

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बा रामलीला रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका आचार्या कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख बिंदु सिंह चौहान ने बताया कि चित्र से शिशु वाटिका के बच्चों को धार्मिक बातों की जानकारी प्राप्त होती है।

कहा कि शिशु वाटिका के बच्चों को क्ले एवं मिट्टी के माध्यम से कलाकृति बनाकर उन्हें शिक्षा प्रदान करें, वहीं सह प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख ज्योति मिश्रा ने विभिन्न प्रकार के क्रिया आधारित शिक्षण से बहनों के योग्यता विकास की बात कही। जिलौला श्रावस्ती से आई प्रशिक्षक पूनम ने कहा कि शिशुओं के सीखाने की 12 व्यवस्थाओं के माध्यम से शिशुओं को हम शिक्षा प्रदान करें। प्रशिक्षक बहराइच से आई शांति देवी ने गत कार्य की समीक्षा की एवं आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि कोतवाल विद्यासागर पाल ने किया। इस मौके पर विद्या भारती पूर्वी अवध प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद, जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के मिथिलेश कुमार, लखनऊ संभाग के संभाग निरीक्षक श्याम मनोहर शुक्ला, लखीमपुर, सीतापुर संभाग के संभाग निरीक्षक श्री रणवीर सिंह सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।


शिशु वाटिका में प्रतिभा दिखाते बच्चे। अमृत विचार


शोभायात्रा में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा व अन्य श्रद्धालु।

### नगर के शिव भोले मंदिर से निकली शोभायात्रा

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के नुमाइश चौराहा स्थित शिव भोले मंदिर पर सांई बाबा व मां काली की स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाली गई। पूजन अर्चन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। बताते चलें कि वर्ष 2010 में उक्त मंदिर में मां काली व सांई बाबा की स्थापना भाजपा अवध क्षेत्र अनु मोर्चा के पीके वर्मा द्वारा कराई गई थी। प्रतिवर्ष स्थापना दिवस का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने देवी महाकाली एवं साईं बाबा का प्रात :कालीन श्रृंगार पूजन कर, नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा के समापन उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन कर, प्रसाद वितरण तथा साईं संध्या का आयोजन कर, सर्वजन कल्याण की कामना की।

# रेत की शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

## जिलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 1.76 करोड़ रुपये की भूमि कराई गई मुक्त



अवैध रूप से बने गेट को ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार



कार्रवाई दौरान मौजूद एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य।

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** हरिहरपुर ग्राम के गैर एहतमाली क्षेत्र स्थित रेत की शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे को प्रशासन ने मंगलवार शाम को हटा दिया। लगभग 3.15 हेक्टेयर क्षेत्रफल की इस भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से प्लाटिंग की तैयारी करते हुए इंटरलॉकिंग बिछाकर गेट का निर्माण कर लिया था। मामले की शिकायत चंपापुरवा निवासी एक महिला द्वारा मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और तहसील दिवस पर की गई थी।

जांच के दौरान यह सामने आया कि गाटा संख्या 62न, 63र, 64क, 65क और 66क, कुल क्षेत्रफल 5.34 हेक्टेयर भूमि रेत की भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसका लगभग 3.15 हेक्टेयर हिस्सा अवैध कब्जे में चला गया था। डीएम उन्नाव के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी के नेतृत्व में तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अशोक सैनी, उदयभान तथा गंगाघाट पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जहां बुलडोजर से बिछाई गई इंटरलॉकिंग, गेट को ध्वस्त कर दिया गया। टीम ने अवैध निर्माण को हटाकर कब्जा मुक्त कर दिया और मौके पर शासकीय भूमि का बोर्ड भी लगवाया गया। खास बात यह रही कि कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई विरोध नहीं किया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित मूल्य जिलाधिकारी सर्किल रेट के अनुसार लगभग 1.76 करोड़ रुपये आंका गया है। प्रशासन का कहना है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### एक्सप्रेस-वे निर्माण में लगी कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गौरिया कलां में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण में कार्यरत एक फर्म द्वारा ग्राम समाज की जमीन से मिट्टी का अवैध खनन कर सरकार को लाखों रुपए राजस्व का चूना लगा दिया गया। जांच में खनन अवैध पाए जाने पर हल्का लेखपाल ने संबंधित फर्म के विरुद्ध थाने में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजस्व ग्राम गौरिया कलां में बीते दिनों ग्राम समाज की सरकारी भूमि गाटा संख्या-447, 450 व 487 से अवैध मिट्टी का खनन कर उन्हें तालाब में तब्दील कर दिया गया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से की थी। शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा तहसील प्रशासन की अनुमति के बिना सरकारी भूमि से मिट्टी के अवैध खनन की जांच एसडीएम को सौंपी गई थी। एसडीएम द्वारा की गई जांच में ग्रामीणों के आरोप सही पाए गए। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को लेखपाल ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की ठेकेदार कंपनी पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा अधिकृत राजूनाथ बाजपेई के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सार-संक्षेप

### घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगा दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी अनीश (26) पुत्र छेदीलाल क्षेत्र के बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शराब का लती होने से आएदिन उसका घर में विवाद होता था। छोटे भाई अनुज ने बताया कि सोमवार शाम बड़ा भाई काम से घर आया था। नशे में घर आने पर परिजनों ने उसे डांटा था। हालांकि इसके बाद उसने खाना खाया और कमरे में सोने चला गया। देररात उसका शव फंदे से लटका मिला। पति की मौत से पत्नी सीमा व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। नशे में विवाद की बात सामने आई है।

### हाईवे पर बाइकर्स का स्टंट करते वीडियो वायरल, जांच जारी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मंगलवार को दो युवकों का हाथ छोड़कर बाइक चलाते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर तलाश शुरू की है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक युवक बाइक का हैंडिल छोड़कर पीछे बैठे युवक की गोद में लेटकर स्टंट कर रहा है। यह वीडियो सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशा खेड़ा गांव के पास का बताया जा रहा है। एसओ सोहरामऊ शरद कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। अगर वह थानाक्षेत्र का है तो कार्रवाई की जाएगी।

### घर से निकले युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

**उन्नाव, अमृत विचार :** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत बहुराजमऊ गांव निवासी भिम्मा (38) पुत्र रामप्रसाद शराब का लती था। मां महदेई ने बताया कि वह खेती का काम देखता था। सोमवार को वह खाना खाने के बाद घर से 100 मीटर दूर जाख बाबा मंदिर तक जाने की बात कहकर निकला था। बाद में वह घर नहीं लौटा। मंगलवार सुबह मंदिर के पास जाकर देखा तब भी वह वहां नहीं मिला। इस पर उसकी तलाश शुरू की गई। बाद में बगहा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने की सूचना मिली। वहां जाकर देखा तो शव उसके बेटे का था। मां के मुताबिक उसकी शादी नहीं हुई थी। वह चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। दो भाईयों की पहले मौत हो चुकी है। कोतवाल राजपाल ने बताया कि परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

### बीओआई की शाखा में लगी आग, स्थानीय लोगों ने पाया काबू

**उन्नाव, अमृत विचार :** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में मंगलवार सुबह सफाई करने पहुंचे कर्मचारी रिंकू को बैंक की शटर से धुआं निकलता दिखा तो उसने बैंक के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी रामबाबू निवासी गढ़ेवा को फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना पर जब रामबाबू बैंक पहुंचा और शटर खोला तो बैंक में धुआं भरा था। उसने फायर ब्रिगेड व विद्युत विभाग के लाइनमैन व स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। लाइनमैन ब्रजकिशोर ने सप्लाई बंद कराई। फायर स्टेशन अफसर राम मिलन भारती व शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और आनन-फानन आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इससे पहले स्थानीय लोगों ने सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राम मिलन भारती ने बताया कि आग से अधिक नुकसान नहीं हुआ है। केवल फॉल सीलिंग व कुर्सियां ही जली हैं। शाखा प्रबंधक राहुल सैनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया बैंक के सभी कागजात, कंप्यूटर सुरक्षित हैं। टेक्निकल टीम आने पर सिस्टम के नुकसान का पता चलेगा। नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, कानून गो अजय सिंह व लेखपाल अनुराग श्रीवास्तव ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की है।

## बायोलॉजिस्ट ने सीएचसी का किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

**संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव**

**अमृत विचार:** ठाकुर खेड़ा, आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का मंगलवार दोपहर लखनऊ से आए बायोलॉजिस्ट रजनीश त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई खामियां पाई गईं, जिससे उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने देखा कि मौके पर कोई सर्जन उपलब्ध नहीं था, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। इसके अलावा, जांच प्रयोगशाला (लैब) भी बंद मिली, जिससे मरीजों को काफी असुविधा हो रही थी। इन खामियों को देखते हुए उन्होंने सीएचसी प्रभारी राहुल मिश्रा को जल्द व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद बायोलॉजिस्ट त्रिपाठी वापस लौट गए। स्थानीय लोगों ने भी सीएचसी में डॉक्टरों और सुविधाओं की कमी पर चिंता जाहिर की है।

## पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी के आरोपी को दबोचा

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

- स्वाट, सर्विलांस व थाना दही पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, औजार बरामद



**अमृत विचार:** दही थाना पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ में एक गोकशी करने के आरोपी को पैर में गोली गारकर गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, तीन खोखा, एक कार व कार से गोकशी के औजार बरामद हुए।

एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले भर में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार देररात थाना दही, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा दही थानांतर्गत दही-पुरवा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को रोकने का प्रयास किया गया तो कार चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने उनका पीछा किया तो कार निर्माणधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास फंस गई। खुद को घिरा देख कार सवार युवक ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने कार्यवाही की तो कार सवार युवक के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। बदमाश की पहचान रशीद उर्फ गुड्डू पुत्र मुन्ना उर्फ इब्राहिम उर्फ चुन्नीलाल निवासी लुधोरा कस्बा व थाना अचलगंज उन्नाव के रूप में हुई। इसी दौरान उसका साथी भुरिया उर्फ शरीफ पुत्र शराफी निवासी कुइथर जमुनाखेड़ा थाना दही उन्नाव अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि व वह अपने साथी भुरिया के साथ गोकशी करने जा रहा था। पुलिस के अनुसार उस पर अचलगंज, बिहार व अजगैन आदि थानों में गोकशी के कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध आगे की कार्यवाही की जा रही है। टीम में एसओ दही संजीव कुमार, दरोगा दीनानाथ यादव, हेड कान्स्टेबल हिरगमन सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, देवेश कुमार के अलावा स्वाट टीम प्रभारी जय प्रकाश यादव, दरोगा ज्ञान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## दो चचेरे भाइयों व बहनोई का अंतिम संस्कार

**संवाददाता, हरदोई**

फॉलोअप

- सोमवार की देर रात हादसे में तीनों की हो गई थी मौत
- टक्कर मारकर तीन बाइक सवारों की जान लेने वाले ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** बीते सोमवार की देर रात बेनीगंज पावर हाउस के पास बाइक सवार दो चचेरे भाइयों और उनके बहनोई की सड़क हादसे मौत हो गई थी। हादसे की जांच कर रही पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से पता लगाया कि तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से हादसा हुआ। इसके बाद से पुलिस ट्रैक्टर ट्रॉली व उसके चालक की तलाश कर रही है।

बेनीगंज कोतवाली के झरोइया निवासी बिल्लू उर्फ सुशील कुमार अपने चचेरे भाई सौरभ और उसके बहनोई अभिषेक निवासी जमुनिया कुंवरपुर मजरा लोहाखेड़ा कुतुब नगर सीतापुर के साथ बाइक से बेनीगोज गया था। देर रात झरोइया लौटते समय बेनीगंज पावर हाउस के पास तेज़ रफ्तार वाहन बाइक में टक्कर मार दी थी, हादसे में तीनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने पावर हाउस से लेकर भोला धर्मकांटे के आस-पड़ोस लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली बाइक में टक्कर मारने के बाद भागती हुई दिखी। उसके बाद से पुलिस उसी ट्रैक्टर को ढूंढने में जुट गई। बेनीगंज पुलिस का दावा है कि जल्द ही ट्रैक्टर को पकड़ लिया जाएगा। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर तीनों शवों को उनके घर वालों के सुपुर्द कर दिया है।

### बेटा भी छिन गया और इकलौती बेटी का सुहाग भी

हादसे में मारा गया सौरभ अपने पिता कंपल का पांचवां व सबसे बेटा था। सौरभ की इकलौती बहन ऊषा की शादी अभिषेक के साथ हुई थी। ऊषा अपने दो बच्चों (3 साल की बेटी वर्षा और ढाई साल के बेटे अभय राज) के साथ मायके आई थी। गुरुवार को अभिषेक पत्नी व बच्चों को लेने के लिए झरोइया आया था। लेकिन सोमवार की देर रात हुए हादसे ने कंपल से उसका बेटा सौरभ व इकलौती बेटी का सुहाद दोनों छीन लिये। कंपल ने बताया कि अभिषेक राजस्थान के जयपुर में नौकरी करता था। 12 मई को उसके बेटे अभय राज का मुण्डन था, उसी के लिए वह गांव आया था।

### मेहनती बेटे की मौत से पिता की हिम्मत टूटी

हादसे में जान गंवाने वाले सुशील के पिता साधू ने बताया कि वैसे तो उसके चार बेटे थे, लेकिन उनमें सबसे छोटा बिल्लू उर्फ सुशील काफी मेहनती था। खेती-बाड़ी में उसके साथ हाथ बंटाता था। साधू की बेटियां नहीं है, बिल्लू उर्फ सुशील की कड़ी मेहनत की बदौलत थोड़ी से जमीन से उसके परिवार का जैसे-तैसे गुज़र होता है।

## रोजगार मेले मे 16 अभ्यर्थियों का चयन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वार मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय में किया गया, जिसमें पांच कम्पनियों ने भाग लिया। आयोजित रोजगार मेले में लगभग 47 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें कम्पनी के अधिकारियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पनी एवं उससे सम्बन्धित कार्य तथा प्राप्त वेतन व भत्ते के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इच्छुक अभ्यर्थियों ने आवेदन के रूप में कम्पनी द्वारा निर्धारित प्रपत्र को भरकर परीक्षा/साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार में सफल 16 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

## भाजपा सरकार में भू माफिया हावी : आशीष

**संवाददाता, हरदोई**



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी।

**अमृत विचार।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष ने शहर के एक दर्जन जनउपयोगी तालाबों पर भू माफिया द्वारा किये गए अतिक्रमण के संदर्भ में भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं हरदोई सदर से कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार के आठ सालों में भू माफिया द्वारा शहर के एक दर्जन तालाबों पर अतिक्रमण कर अवैध प्लाटिंग कर दी गई। यह बहुत आश्चर्य जनक है कि मुख्यमंत्री लगातार भू माफिया के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं फिर भी हरदोई के जिला प्रशासन की कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। सर्वोच्च न्यायालय ने भी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने को लेकर आदेश पारित किया हुआ है, मगर प्रशासन को न मुख्यमंत्री के निर्देशों को मानना है और न ही सर्वोच्च न्यायालय के।

**आरोप**

- शहर के एक दर्जन उपयोगी तालाबों पर अतिक्रमण
- शिकायतों के बाद भी प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई : कांग्रेस

## तबादला पर भी ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यमुक्त नहीं

**संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** जनहित व विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर करीब करीब 9 वर्षों से ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी का तबादला हो चुका है, लेकिन आदेश जारी होने के नौ दिन बाद तक भी अधिकारी को कार्यमुक्त नहीं किया गया है।

टड़ियावां ब्लॉक में करीब नौ सालों से तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अमर सिंह की लचर कार्यप्रणाली को लेकर डीपीआरओ और डीएम से शिकायतें हो रहीं थीं। 15 जून को डीएम के अनुमोदन पर डीपीआरओ ने यहां से हटाकर शाहाबाद ब्लॉक में नवीन तैनाती दी है। डीपीआरओ की ओर से जारी किए गए तबादला आदेश में तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के फरमान दिए गये। लेकिन स्थानांतरित आदेश जारी होने के 9 वें दिन भी उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी को टड़ियावां ब्लॉक से कार्यमुक्त नहीं किया गया है। विभागीय लोग बताते हैं कि ग्राम सचिव के सियासी दबाव के चलते ब्लॉक स्तरीय अफसर और महकमें के मुखिया अब उसके तबादले के बाद उसे नज़र अंदाज कर रहे है। जिसकी वजह से उसे रिलीव करने की जहमत नहीं जुटा पा रहे है। हालांकि इस बारे में बीडीओ इंद्रसेन नाथ ने कहा कि सचिवों की कमी के चलते उसे ब्लॉक से रिलीव नहीं किया गया है।

## घर के बाहर खेलते समय बच्चा लापता

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में एक तीन वर्षीय बच्चे के गायब होने का मामला सामने आया है। खजोहना गांव की रहने वाली हिना ने बताया कि उनका बेटा अरहन मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे घर के बाहर खेल रहा था।कि वह घरेलू काम में व्यस्त थी। जब कुछ देर बाद उन्होंने बाहर देखा तो अरहन वहां नहीं था। परिवार ने मोहल्ले और आस-पास के इलाके में बच्चे की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।मां हिना का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। उन्होंने इस मामले में कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने बताया कि बच्चे की तलाश की जा रही है।

## ताजियादारों को रूट चेंज न करने की दी गई हिदायत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम को लेकर ताजिया दारों की बैठक क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ताजियादार मौजूद रहे।



बैठक में बोलते क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा।

बैठक में क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा ने सभी ताजिया दारों से स्पष्ट रूप से कहा कि सभी ताजिया दार पहले से ही निश्चित रूट से ही ताजिया निकालेंगे। कोई भी रूट चेंज नहीं करेगा। वरना प्रशासनिक स्तर से कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी ने सभी से शांति, सद्भाव तथा भाईचारे के तहत मुहर्रम मनाने की अपील। उन्होंने कहा अगर कहीं पर किसी अराजक तत्व द्वारा शांति में खलल डालने का प्रयास किया जा रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस हमेशा सेवा के लिए तैयार है। प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने भी सभी ताजिया दारों से निश्चित रूट से ही ताजियों को निकालने की अपील करते हुए परिचय किया। इस अवसर पर फूल मियां कुरैशी, इस्तेखार खां, सलीम अहमद बेग सहित बड़ी संख्या में ताजियादार मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री व क्षेत्रीय महामंत्री का आगमन आज

**हरदोई, अमृत विचार।** मंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि नीरज वर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र लखनऊ आपातकाल संगोष्ठी के कार्यक्रम में आपातकाल प्रदर्शनी उद्घाटन बुधवार दोपहर 12 बजे एवं वृक्षारोपण शहीद उद्यान कंपनी गार्डन में करेंगे।

### डीएम ने किया रसखान प्रेक्षागृह का निरीक्षण

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ रसखान प्रेक्षागृह का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि रसखान प्रेक्षागृह के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए एक प्रस्ताव तैयार कराया जाए। प्रेक्षागृह को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के अनुसार विकसित किया जाए।

### छह चोरियों में से सिर्फ एक की दर्ज की रिपोर्ट

**हरदोई/टड़ियावां, अमृत विचार।** टड़ियावां थाने के सरदारपुर गांव के रहने वाले छोटक्के के घर में सेंध काटकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।चोरों ने यहां से 75 हजार की नगदी व सोने चांदी के लगभग एक लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए हैं।चोरी की घटना की जानकारी छोटक्के ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।वहीं सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे छोटक्के ने पुलिस को तहरीर देते जल्द चोरी के खुलासे की मांग की है। बता दें कि जून माह में टड़ियावा थाना इलाके में चोरों ने कई सरकारी स्कूलों को निशाना बनाया। कहीं सिलेंडर चुरा ले गए तो कहीं फर्नीचर, इस तरह हुई चोरियों की रोकथाम व पुलिस की कार्यवाही की पड़ताल में हैरान कर देने वाली बातें सामने आई है।

### कथा में शिव-पार्वती का सुनाया गया प्रसंग

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय राम नाम जन जागरण मंच के संयोजन में पंडित निर्मल शास्त्री के द्वारा श्री राम परिवार मित्र मंडली के तत्वाधान में प्रातः हवन पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। जिसमें तमाम लोगों ने हवन पूजन कर श्री हनुमान जी महाराज और सभी देवी-देवताओं की आराधना की। आचार्य निर्मल शास्त्री ने समाज जन कल्याण एवं पर्यावरण कल्याण के लिए इस हवन को करने की विशेषता बताई। जिले में चल रही श्री राम कथा के अंतर्गत कथा व्यास शिवानंद भाई श्री ने भगवान शिव पार्वती का विवाह की कथा श्रवण कराई।

खोला मोर्चा — जिला कार्य समिति की बैठक में हुई चर्चा, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेगा प्राथमिक शिक्षक संघ देगा

## विद्यालयों को मर्ज करने आदेश का करेंगे विरोध : आलोक

**संवाददाता, हरदोई**



जिला कार्यसमिति की बैठक करते जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति की बैठक योगेश पैलेस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 50 काम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज करने के आदेश के विरोध में जिले व ब्लॉक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस आदेश का विरोध किया जाएगा। पूर्व में सरकार ने प्रत्येक एक किलोमीटर पर विद्यालय खुलवाए, जिससे नौनिहाल शिक्षा से वंचित न हो, लेकिन अब विद्यालय मर्च करने से गरीब बच्चे एवं वंचित समूह के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे क्योंकि जब विद्यालयों को मर्ज कर दूसरे गांव के विद्यालय में बच्चों को भेजा जायेगा तो बच्चे शिक्षा की धारा से छूट जाएंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरकार की शिक्षा एवं छात्र विरोधी नीति का पुरजोर विरोध करता है। उक्त के संदर्भ में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रथम चरण में प्रत्येक जनप्रतिनिधि को विद्यालय मर्जर के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक, सांसदों के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा। अगर सरकार ने समय से शिक्षा एवं छात्र विरोधी आदेश वापस नहीं लिया तो संगठन द्वारा सरकार की इस नीति के विरोध में सड़कों पर उतरकर आदोलन होगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष प्रभाशंकर, उपाध्यक्ष अनूप दीक्षित, अनुराग पाण्डेय, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, आशीष तिवारी, विवेक दीक्षित, विनय यादव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन की मांग, सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, हरदोई**



नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाल करने, सातवें वेतन आयोग की विसंगतियां दूर करने, बंद चल रहे महंगाई भत्ते, एरियर आदि को बहाल करने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले स्थानीय इकाई ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात 12 सूत्री मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी को सौंपा।

कलेक्ट्रेट पहुंचे कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल करे। सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर किया जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती खोली जाए। आउटसोर्सिंग के संविदा कर्मचारियों के स्थायीकरण के साथ ही बीमा, ईपीएफ आदि की सेवा प्रदान की जाए। रोडवेज कर्मचारियों के बकाया, महंगाई भत्ते की किस्त दिलाई जाए। सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लागू कैसलेश इलाज की सुविधा, निकाय, निगम, शिक्षक-शिक्षणेत्तर व स्वायत्ता शासी संस्थान के कर्मचारियों को भी उपलब्ध कराई जाए। समस्त डिप्लोमा फार्मासिस्ट, आट्रोमेट्रिक्स के ग्रेड पे को उच्चीकृत करते हुए पदनाम परिवर्तित किया जाए। सभी प्राथमिक शिक्षक, तदर्थ माध्यमिक शिक्षकों आदि को भी राज्य कर्मचारियों की भांति चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान रवि श्रीवास्तव, विजय तिवारी, नरेंद्र कुमार सहित कई विभागों के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पालिका में नागरिक सुविधा दिवस पर सुनी गईं जनसमस्याएं

**शुक्लागंज (उन्नाव):** हर माह के अंतिम मंगलवार को शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले नागरिक सुविधा दिवस के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद शुक्लागंज कार्यालय में जन समस्या निस्तारण शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने जनता की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। शिविर में एसबीएम प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें एक शिकायत सड़क निर्माण को लेकर विरोध, एक अवैध अतिक्रमण, एक मृतक आश्रित के रूप में सेवा संबंधित और एक सीवर सफाई की समस्या से जुड़ी रही। सभी शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान सभासदगण, पालिका कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद रहे। ईओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा, ताकि जनता को स्थानीय स्तर पर राहत मिल सके।

### खेल-खेल में बच्चे ने निगला सिक्का, रेफर

**बांगरमऊ:** कोतवाली क्षेत्र के गांव छोटी जमुनिहा निवासी सुरेंद्र के दो वर्षीय बेटे प्रियांशु ने बीती रविवार रात खेल-खेल में दो रुपए का सिक्का निगल लिया। सिक्का निगलते ही बच्चा चीखने लगा। बच्चे की हालत खराब देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने बच्चे के गले में फंसा सिक्का निकालने की कोशिश की। किंतु सफल न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### ध्वस्त कर दिया जाएगा अवैध निर्माण

**उन्नाव:** लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता हर दयाल अहिरवार ने कहा कि नेहरूबाग औद्योगिक क्षेत्र गेट के पास आरसीसी पिलर का निर्माण सक्षम अधिकारी की बिना अनुमति से अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। उस पर नोटिस चस्पा कर दी गई है। एक सप्ताह के अंदर निर्माण को वह स्वयं तोड़ दें अन्यथा उसे जिला प्रशासन के सहयोग से बलपूर्वक तोड़ दिया जाएगा।

# मानसून के लम्हों में अमृत बिखेरता है जामुन

## 'जामुन'.. फल एक गुण अनेक, मानसूनी मौसम के दौरान बाजार में जामुन की लगातार बढ़ रही मांग

**अमृत विचार विशेष**

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव


पेड़ पर लगी जामुन।


बाजार में बिकने को रखी जामुन।

**अमृत विचार:** गर्मी के बाद और बारिश की शुरुआत में मिलने वाला जामुन बेहद औषधिक फल है। यही वजह है कि जामुन के दाम अब सातवें आसमान पर पहुंच रहे हैं। आमतौर पर 30 से 60 रुपये किलो मिलने वाला जामुन शहरों में 150 रुपये किलो तक पहुंच गया है। सफीपुर क्षेत्र में शारदा नहर किनारे लगे जामुन के पेड़ों के नीचे सुबह-शाम लोग नजर आते हैं जो वहीं खाने के साथ इसे घर भी ले जाते हैं।

दरअसल, जामुन को अमृत फल भी कहा जाता है। जिसके विभिन्न भागों का उपयोग डायबिटीज व पाचन संबंधी शिकायतें पेट दर्द, मुंह में छाले और कैंसर जैसी घातक बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। लेकिन समय के साथ जामुन के पेड़ों की संख्या लगातार घटने से अब सीजन में भी इसकी उपलब्धता मुश्किल होती है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग उनके फल को एकत्र करने के बाद इन्हें बेचने शहरों में पहुंचते हैं। वह भी अब आवक कम होने से जामुन को महंगे दामों पर बेचने पर मजबूर हैं। जामुन जिसे ब्लैकबेरी भी कहा जाता है एक पौष्टिक व औषधीय गुणों से भरपूर फल है। इसका मीठा-खट्टा स्वाद और स्वास्थ्य लाभ इसे एक सुपरफूड बनाते हैं। जामुन के फायदे अनेक हैं। डॉक्टर भी जामुन खाने की बात कहते हैं। जामुन खाने के फायदे कमाल हैं। यह डायबिटीज, पाचन स्वास्थ्य, हार्ट रोगों और त्वचा की चमक में सुधार करने के लिए जाना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन-सी, आयरन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

**खाली पेट और अधिक मात्रा में न खाएं:** सुबह-सुबह खाली पेट जामुन खाना नुकसानदेह हो सकता है। इसमें मौजूद टैनिक एसिड व ऑक्सालिक एसिड पेट में गैस, एसिडिटी या जलन पैदा कर सकते हैं। बेहतर होगा कि आप जामुन को नाश्ते के बाद या दोपहर के भोजन के कुछ घंटे बाद खाएं। इसका अत्यधिक सेवन करने से शरीर में कूलिंग इफेक्ट ज्यादा हो सकता है। जिससे खराश या बलगम बनने की शिकायत हो सकती है। एक व्यक्ति के लिये दिन में 100-150 ग्राम जामुन पर्याप्त होता है। वहीं जामुन की गुठली को सुखाकर उसका चूर्ण बनाकर प्रतिदिन एक चम्मच सुबह-शाम सेवन करना चाहिए।

वहीं सीएचसी सफीपुर के चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जामुन का गूदा खाने से शुगर पर पूरी तरह नियंत्रण रहता है और पेट की पाचन क्रिया शुद्ध रहती है। जामुन का गूदा सीमित मात्रा में दिन में दो बार सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से त्वचा संबंधी भी बीमारियां दूर होती हैं।

### जामुन खाने के बड़े फायदे

जामुन डायबिटीज को कंट्रोल करता है। इसमें जंबोलिन व जंबोसिन नामक यौगिक पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। यह इंसुलिन की सक्रियता को बढ़ाकर डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है।

### पाचन शक्ति को करता है मजबूत

इसमें मौजूद फाइबर और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाचन तंत्र को बेहतर बनाते हैं. कब्ज, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में जामुन बहुत उपयोगी होता है। वहीं इसमें मौजूद विटामिन-सी, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करने में मदद करते हैं। यह वायरल संक्रमण और सर्दी-खांसी से बचाने में कारगर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो त्वचा की चमक बढ़ाने और मुंहासे कम करने में मदद करते हैं। जानकारों के मुताबिक जामुन के फल के सेवन से त्वचा स्वस्थ और जवां दिखती है।

# मवेशी से बचने में बस के नीचे घुसी बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**सफीपुर कोतवाली के जमल्दीपुर गांव के पास हुई घटना**


राज उर्फ बदलू की फाइल फोटो।



बस के नीचे घुसी बाइक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** दवा लेकर गांव लौट रहे छात्र की बाइक सड़क पर आए मवेशी से टकराने के बाद सामने से आ रही बस में जा घुसी। इसमें मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना कोतवाली के जमल्दीपुर गांव के पास हुई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी हीरालाल धोबी का 22 वर्षीय बेटा राज उर्फ बदलू मंगलवार को सफीपुर दवा लेने गया था। शाम को लौटते समय वह जमल्दीपुर व अटवा गांव के बीच नरहैय्या तालाब के पास पहुंचा था कि अचानक मवेशी उसकी बाइक के सामने आ गया। उससे बचने के प्रयास में वह सामने से आ रही मिनी बस में जा घुसा। बाइक सहित बस के नीचे जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे बस के नीचे से निकालकर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बीए फाइनल का छात्र था। उसका बड़ा भाई अजीत व पिता होरीलाल कुवैत में मजदूरी करते हैं। छोटी बहन प्रिया की शादी हो गयी है। घर मे मां श्याम कुमारी व भाभी के अलावा अन्य परिजन हैं। सभी रो-रोकर बेहाल हैं। घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बस कब्जे में लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने कुवैत में रह रहे पिता व भाई को घटना की जानकारी दी है।

## महिला ने दर्ज कराई धमकी देने की रिपोर्ट

**सफीपुर उन्नाव:** कोतवाली क्षेत्र के छूही गांव निवासी महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला से अवैध संबंध होने का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के छूही गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति उसे व बच्चों को छोड़कर दो साल से मुरादपुर गांव की एक महिला के साथ नाजायज तरीके से रह रहा है। जब इसका उसने विरोध किया तो उस महिला व पति ने उसे जलाकर मार डालने की धमकी दी है। उसने अपनी हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

## गंगा के जलस्तर में 5 सेमी की दर्ज हुई बढ़ोत्तरी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** पश्चिम के बांधों से छोड़े जा रहे पानी और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार को गंगा का जलस्तर 5 सेंटीमीटर बढ़कर 108.330 मीटर पहुंच गया, जबकि सोमवार को यह 108.270 मीटर था। शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। कानपुर की ओर मुख्य धारा होने के कारण पानी का बहाव तेज है और वह आसपास के तटीय इलाकों में फैलने लगा है। जल आयोग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक जलस्तर में इसी तरह वृद्धि होती रहेगी। हालांकि अभी खतरे की कोई स्थिति नहीं है, लेकिन तटीय क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन भी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है।

# श्रमिक की मौत के बाद सरैयां आरओबी का निर्माण कार्य ठप

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


बैराज मार्ग पर सरैयां आरओबी का बंद पड़ा कार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरैयां आरओबी के निर्माण कार्य के दौरान हुए हादसे में एक श्रमिक की मौत के बाद मंगलवार को कार्य पूरी तरह ठप रहा। हादसा सोमवार रात करीब पौने दस बजे पिलर संख्या 21 पर उस समय हुआ जब भारी भरकम सरिया क्रेन से ऊपर चढ़ाई जा रही थी। अचानक क्रेन का एक पट्टा टूट गया और लगभग तीस क्विंटल वजनी सरिया का गट्ठर नीचे खड़े मजदूर के ऊपर गिर गया। हादसे में श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

मृतक श्रमिक की पहचान खीरी जनपद के थाना मैलानी के लैलून गांव निवासी 45 वर्षीय नेपाली के रूप में हुई है। हादसे के वक्त वह अपने साथी के साथ सरिया के गट्ठर को नीचे से सहारा दे रहा था। घटना के बाद कार्यस्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

**घटना के बाद कार्यस्थल पर मौजूद सैकड़ों मजदूर हादसा देख रहे सहमे**

मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने काम बंद कर दिया। मंगलवार सुबह मृतक के परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पहुंचे। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। वहीं, राज्य सेतु निगम के अधिकारी और निर्माण कार्य करा रही संस्था के ठेकेदार ने परिजनों से मुआवजे को लेकर बातचीत की। सहमति बनने के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने चले गए। इस हादसे से श्रमिकों में डर का माहौल है। गार्ड के अनुसार, कई मजदूर अपने अस्थाई आवास लौट गए, जबकि कुछ परिजन के साथ पोस्टमार्टम हाउस गए। मजदूरों ने साफ कहा कि जब तक उन्हें सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाएंगे, वे काम पर नहीं लौटेंगे।

## हिंदू धर्म में भगवान चित्रगुप्त को न्याय का देवता माना जाता है

**उन्नाव:** कायस्थ वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में इब्राहिम बाग स्थित मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति के सातवें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें अध्यक्ष पवन निगम ने भगवान चित्रगुप्त का पूजन करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में भगवान चित्रगुप्त को न्याय का देवता भी माना जाता है। सचिव सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त को भगवान ब्रह्मा के पुत्र व यमराज के सहायक के रूप में भी जाना जाता है। चित्रगुप्त सभी जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं और मृत्यु के बाद, यमराज उनके कर्मों के अनुसार न्याय करते हैं। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दीपा निगम, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, नीरज निगम, डॉ. प्रभात सिन्हा, आशीष निगम, राघव निगम, भरत चित्रांशी, आनंद निगम, प्रथम श्रीवास्तव, धीरज निगम, अरविंद श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, विश्वास निगम, रत्नेश आदि रहे।

# 3 फीडरों पर छह घंटे रहा शट्डाउन मेंटिनेंस का हुआ कार्य


गंगाघाट टाउस विद्युत उपकेन्द्र में लोड बैलेंसिंग का होता कार्य। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट टाउन विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को अनुरक्षण और लोड बैलेंसिंग कार्य के चलते मिश्रा कालोनी फीडर, शक्तिनगर फीडर और फीडर-4 की बिजली आपूर्ति करीब छह घंटे बाधित रही। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तीनों फीडरों से जुड़े करीब 15 हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। इस दौरान गर्मी के कारण लोगों को पीने के पानी और अन्य जरूरतों में खासी दिक्कतें झेलनी पड़ीं।

विद्युत विभाग के अनुसार उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सरैयां ग्राम सभा स्थित गंगाघाट उपकेंद्र में रखरखाव कार्य किया गया। कार्य के दौरान 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर का मेंटिनेंस किया गया और फीडरों की ट्राली निकालकर लोड टेस्टिंग व बैलेंसिंग की गई। कार्य में उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अवर अभियंता अक्षय तिवारी, टेस्ट जेई अशोक कुमार सहित लाइन स्टाफ की टीम मौजूद रही। विद्युत कटौती के कारण मिश्रा कालोनी, शक्तिनगर, सिविल लाइन, डिग्री कॉलेज रोड, फत्तेपुर चौराहा, पुरानी गल्ला मंडी सहित दर्जनों मोहल्लों में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। लोग दोपहर की भीषण गर्मी में बिना पंखा-कूलर के परेशान नजर आए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर और सुचारू आपूर्ति देने के लिए जरूरी था।

**समस्या** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर तेजी से कराए जा रहे कार्य के चलते रेल सेवाएं प्रभावित रहीं

# छमकनाली पुलिया के स्ट्रक्चर बदलने से दूसरे दिन भी चार घंटे का मेगा ब्लॉक

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


मेगा ब्लॉक के दौरान छमकनाली पुलिया के पास काम करते रेल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित छमकनाली पुलिया संख्या 109 के स्ट्रक्चर को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य के चलते मंगलवार को लगातार दूसरे दिन रेलवे ने डाउन लाइन पर चार घंटे का मेगा ब्लॉक लिया, जिससे इस रूट की रेल सेवाएं प्रभावित रहीं। वहीं रेल सेवाएं प्रभावित होने से सफर करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मेगा ब्लॉक खत्म होने के बाद संचालन सामान्य हो सका।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार पुलिया के पुराने और जर्जर हो चुके स्ट्रक्चर को बदलने की प्रक्रिया के तहत सोमवार को चार घंटे का ब्लॉक लिया गया था। मंगलवार को दोपहर 2:25 से शाम 6:25 बजे तक दूसरा मेगा ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेलवे ब्रिज विभाग के अधिकारी व तकनीकी स्टाफ मौके पर मौजूद रहे। ब्लॉक मिलते ही श्रमिकों ने पुलिया पर पुराने स्ट्रक्चर को हटाने और नया स्ट्रक्चर स्थापित करने की दिशा में कार्य तेज कर दिया। चार घंटे के ब्लॉक के दौरान डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह ठप रहा। इस दौरान कई ट्रेनें प्रभावित हुईं और कुछ को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका गया। ब्लॉक समाप्त होते ही शाम के बाद ट्रेनों का संचालन पुनः शुरू कर दिया गया। रेल अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रक्चर को बदलना जरूरी था और यह कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

## गंगाघाट क्रॉसिंग का गेटबूम टूटा, स्लाइडिंग गेट से रोका गया यातायात

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** लखनऊ-कानपुर रेल रूट पर स्थित गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग के अप लाइन का गेटबूम मंगलवार शाम अचानक टूट गया। गेटबूम टूटने की घटना शाम करीब पांच बजे की है, जब क्रॉसिंग पर गेट बंद करते समय बूम नीचे गिरने के दौरान टूट गया। गेटबूम टूटने की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद गेटमैन ने सतर्कता दिखाते हुए स्लाइडिंग गेट लगाकर सड़क यातायात को रोका, जिससे कोई हादसा न हो सके। इसके बाद उन्होंने तुरंत सूचना एसएनटी विभाग को दी। सूचना पर एसएनटी विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गेटबूम की मरम्मत शुरू की। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद बूम की मरम्मत पूरी की गई। इसके बाद स्लाइडिंग गेट हटाकर यातायात सामान्य कर दिया गया।


गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग का टूटा पड़ा गेटबूम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### किशोर ने पड़ोसी किशोर के साथ किया कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर से एक अन्य किशोर द्वारा कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाने और इसके बाद कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां ने एसपी से शिकायत कर आरोपी किशोर के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। बता दें कि असोहा थानांतर्गत एक गांव निवासी पिछड़ी जाति की महिला ने दी तहरीर में बताया कि उसका 16 वर्षीय भतीजा बीती 7 जून की रात घर से खेत में बोई सब्जी की रखवाली करने गया था। उसी समय उसी की जाति का पड़ोसी किशोर उसके पास पहुंचा और उसे कोल्डड्रिंक पिलाने की बात कही। बताया कि कोल्डड्रिंक में शराब मिली थी। भतीजे को नशे में देख दूसरे किशोर ने उससे कुकर्म किया। चीख सुन पास के खेत में रुका उसका बेटा दौड़ा तो आरोपी किशोर वहां से भाग गया। इस पर बेटा भतीजे को घर लाया। 8 जून को थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने मेडिकल कराने के बजाय दूसरे दिन आने की बात कही। 9 जून को जब पीड़ित के माता-पिता थाने पहुंचे तो उनसे इलाज कराने के नाम पर थाने में सुलहनामा पर अंगूठा लगवा लिया गया। कई दिनों तक जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो माता-पिता पीड़ित को लेकर थाने पहुंचे तो वहां पुलिस ने सही से बात तक नहीं की। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर आरोपी और उसके पिता पीड़ित के परिवार को धमकी देने लगे। 23 जून को पीड़ित की मां ने एसपी से शिकायत की थी। जब तक पुलिस हरकत में आती 24 जून को किशोर की हालत बिगड़ गई। परिजनों के साथ पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई और उसी तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध कुकर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई। इमरजेंसी में तैनात डॉ. आशीष सक्सेना ने हालत गंभीर देख किशोर को कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया है। एसओ विमलकांत गोयल ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कुकर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। पुलिस पर सुलह कराने के आरोपों को एसओ ने नकार दिया।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भूख हड़ताल पर शिक्षक



धरने में मौजूद लोगों को संबोधित करते एसपी सिंह। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार:** कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली, 50 से कम छात्र संख्या के नाम पर परिषदीय विद्यालयों को मर्जर करने संबंधी षड़यंत्र संविदा व ठेकेदारी भर्ती प्रथा बंद कराये जाने सहित 12 सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग को लेकर झाड़ी साह बाबा मजार निकट कलक्ट्रेट पर एक दिवसीय भूख हड़ताल और सत्याग्रह आंदोलन किया गया। इसमें सभी घटक संघों एवं परिसंघों के अधिकारियों, पदाधिकारियों, शिक्षकों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद मंगलवार अपराह्न 2 बजे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष एसपी सिंह, सचिव महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र उपाध्याय, संरक्षक अशोक सिंह, संजय कनौजिया, रिजवान साकिब, संत कुमार सुमन, जेपी दीक्षित, राजकरन यादव, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, विवेक तिवारी, अतुल बाजपेई, हरिकिशोर गौतम, सर्वेश कुमार, अवधेश कुमार ,मनीष कुमार, श्याम सुंदर ,कृष्ण कुमार रावत, वीरेंद्र गौतम, मनोज कुमार गुप्ता, प्रवीण नाथ, आशीष सिंह, संजीव संखवार, प्रदीप वर्मा, सुरेंद्र प्रकाश आदि शिक्षक कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा और मोहर्रम को लेकर हुई बैठक


जगन्नाथ रथ यात्रा के मार्ग की हकीकत देखते ईओ। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** जून के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा और मोहर्रम के जुलूस को लेकर गंगाघाट कोतवाली में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक समितियों, नगर पालिका, विद्युत विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक दो चरणों में संपन्न हुई बैठक में समिति की ओर से यात्रा मार्ग में साफ-सफाई, ट्रैफिक व्यवस्था, विद्युत तारों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था पर सुझाव रखे गए। जहां पहले चरण में रथ यात्रा समिति के पदाधिकारी कमल वर्मा, नीलकमल दीक्षित आदि मौजूद रहे। नगर पालिका ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, जेई घनश्याम मौर्य, एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला और विद्युत विभाग के जेई ने समय से समस्त व्यवस्थाएं पूरी करने का भरोसा दिलाया। ईओ व पुलिस टीम ने यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण भी किया। दूसरे चरण में मोहर्रम पर्व के मद्देनज़र मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत हुई। जुलूस कमेटियों ने मार्ग में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और लटकते बिजली के तारों को हटाने की मांग रखी। जिस पर पालिका और विद्युत विभाग ने कार्य समयबद्ध पूरा करने की बात कही। कोतवाली प्रभारी ने सभी से भाईचारे और आपसी सहयोग के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और दोनों समुदायों ने शांति व्यवस्था में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### लोगों ने एक्सईएन से की समस्या निदान की मांग

**उन्नाव, अमृत विचार:** सफीपुर विद्युत उपखंड क्षेत्र के परियर फीडर के आधा सैकड़ा गावों में बीते 15 दिनों से विद्युत सप्लाई न के बराबर मिलने और लो वोल्टेज की समस्या बनी होने से मजबूरन मंगलवार को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को पत्र देकर परियर में विद्युत समस्या से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि सफीपुर विद्युत उपखंड के मिर्जापुर, शाकहन, जमालनगर, न्यामतपुर, सैदापुर, बीबीखेड़ा, माना बंगला, मरौंदा, परियर सहित आधा सैकड़ा गावों में 15 दिनों से न के बराबर विद्युत सप्लाई हो रही है। क्षेत्रीय निवासी चीना, महेश, धर्मेंद्र, दिनेश, कपिल, रामबाबू, योगेश, हीरालाल, ओमप्रकाश, अनिल, बृजेश, विजय, रामबरन ने बताया कि विद्युत सप्लाई बीते वर्षों की अपेक्षा और खराब होती जा रही है।

### मां कल्याणी मंदिर में प्रदोष पर हुआ रुद्राभिषेक


रुद्राभिषेक करते भक्त। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार:** श्री मां कल्याणी मंदिर प्रांगण स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि में प्रदोष के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए। इस दौरान आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में विधिपूर्वक रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसमें नीलम, प्रमोद पांडे, सीता सिंह, कौशिकी मिश्रा, अनुष्का, सोनी अवस्थी, नीता गौड़, पवन गौड़ आदि श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव का अभिषेक, पूजन, आराधना व आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### श्रीमद्भागवत में कृष्णोत्सव व नंदोत्सव में झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार। श्रीसनातन परिवार सत्संग सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अचलगंज कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव व नंदोत्सव मनाया गया। इस दौरान नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रद्धालु जमकर झूमते रहे। श्रीधाम वृंदावन से आए संत रामशरण शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन प्रहलाद चरित्र के आगे की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने वाराह अवतार लेकर हिरण्याक्ष के दंभ दमन करते हुए उसका उद्धार किया। फिर कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कंस की जेल में कैद देवकी के आठवें पुत्र के रूप में कृष्ण का जन्म होता है। घनघोर वर्षा के बीच वासुदेव कृष्ण को सुरक्षित करने को गोकुल में नंद बाबा के घर पहुंचाते हैं। उधर, कृष्ण के रूप में अलौकिक पुत्र पाकर यशोदा की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। इस दौरान पं. शिवम मिश्र, जयप्रकाश मिश्र, ललित मोहन मिश्रा, डॉ. संजय मिश्रा, बब्ली मिश्रा, पंखुरी व क्षितिज मिश्रा आदि शामिल रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 25 जून 2025


# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इंडिया एक्ज़िम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

- **कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे दो बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थीं। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक हैं, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

# कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन



कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।

### कमोडिटी क्या है?

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा। उत्पाद- कच्चा तेल, डीजल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीइएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

### कैसे करें निवेश

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ: जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट: सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

### निवेश के लाभ

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प:** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव:** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना:** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

### निवेश के जोखिम

- **उच्च अस्थिरता:** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क:** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी:** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- **मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### आय से अधिक संपत्ति में 8 अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को आठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों के घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि वसानद के पास धारवाड़ में एक आलीशान बंगला है। छापे के दौरान उनके घर से सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए।

#### जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

#### असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कछार जिले से तीन करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि खुफिया सूचना पर कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576.58 किलोग्राम गांजा बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों में सवार तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।

### न्याय का उपहास: जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया**

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

# आतंकवाद रोधी तंत्र की मजबूती को रक्षा मंत्रालय ने किए 13 अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने को सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ाने के लिए आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है। भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। खरीद तंत्र के तहत कई श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट व बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ सेना की तैयारियों के लिए रक्षा मंत्रालय ने 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### बलिदान की विरासत



जबलपुर के बरहा समाधि स्थल पर रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक आदिवासी नृत्य में हिस्सा लिया। एजेंसी

# पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी आया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई।

सूत्रों ने बताया कि अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। हालांकि, उन्होंने इस विषय पर विस्तार से नहीं बताया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# तिरुवनंतपुरम से प. एशिया के लिए उड़ान शुरू, कई कंपनियों की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प. एशिया में तनाव के मद्देनजर वहां के हवाई क्षेत्र बंद रहने के बाद अब क्षेत्र में विमान परिचालन सेवा बहाल होने पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गईं। अमीरात, एतिहाद एयरवेज और एअर अरब ने सबसे पहले विमान परिचालन सेवा फिर से शुरू की।

हवाई अड्डा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि शुरुआती घंटों में बिना किसी व्यवधान के तीन विमान वाहक कंपनियों की उड़ानें दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए संचालित की गईं और वहां से भारत आईं। हालांकि, कई भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। विभिन्न भारतीय एयरलाइन के क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द करने के कारण हजारों यात्री प्रभावित होंगे और विमानन कंपनियों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।

# लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया।

बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी राजनीति में नैतिकता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

# एससीओ में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की वकालत करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **चीन के किंगदाओ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे रक्षामंत्री**

पाकिस्तान के समर्थन से जारी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कूटनीतिक प्रयासों की तर्ज पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन के किंगदाओ में शुरू होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के दो दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रयास बढ़ाने पर जोर देंगे।

सिंह सम्मेलन के लिए चीन के पूर्वी शांदोंग प्रांत के बंदरगाह शहर किंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री की आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक क्षेत्रीय सहयोग का आह्वान करने की योजना, पहलगाम हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तानी क्षेत्र में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के डेढ़ महीने बाद सामने आई है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों में गंभीर तनाव पैदा होने के बाद से यह किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की चीन की पहली यात्रा है।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा



बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।


कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

### एक नजर

**पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर**

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्सेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

**इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में**

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

**गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया**

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।


प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टोंगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

**मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता**

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

**अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में**

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद



जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**


जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



# दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ




- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी... दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

### किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

#### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

#### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

#### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

#### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

#### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

## एक नजर

### दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** दक्षिण-पूर्वी फिलीपींस के तट पर मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 09 :58 बजे (0158 जीएमटी) महसूस हुए जो दावाओ ओरिएंटल प्रांत के बगंगा शहर से लगभग 359 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीनी सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप से नुकसान नहीं होगा।

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मंडिकोल इलाके में एक सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में आठ अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशिया: आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### प. बंगाल में आरटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** पश्चिम बंगाल के कोल्हापुर में स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने 20 लाख रुपये की वसूली करने के आरोप में एक आरटीआई कार्यकर्ता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। लक्ष्मी टेकड़ी इलाके में आरटीआई कार्यकर्ता जयराज भीमराव कोली ने छत्रपति प्रमिला राजे सिविल अस्पताल में चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता अजिंक्य पाटिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसिया हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह (युद्ध विराम) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।


# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56,000 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 16 लोगों की मौत, 100 घायल

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने देश के प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन भी दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- **यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी**

# नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

- **रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर तय होगा संगठन के 32 सदस्य देशों का रुख**

# आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाए

**बीजिंग, एजेंसी**

- **चीन में एससीओ की बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर उकसावे वाली थी। एनएसए ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने इन समूहों के बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया।

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- **चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी**

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- **भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया**

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

**राहत भरी खबर** — हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।